INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-102 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 8 जून 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### कड़ी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

# पहले दिन 2830 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से बनाई दूरी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में सोमवार को पुलिस भर्ती परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक सतर्कता के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हुई। पहले दिन परीक्षा से 2830 अभ्यर्थियों ने दूरी बनाई, जबकि 9672 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रशासन ने परीक्षा में गड़बड़ी, नकल और अव्यवस्था को रोकने के लिए व्यापक तैयारियां की थीं।

पुलिस भर्ती परीक्षा जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई, जहां अभ्यर्थियों ने पुलिस सेवा में चयन का सपना लेकर परीक्षा दी। निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार स्वयं कंट्रोल रूम पहुंचे और सीसी कैमरों के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए रखी। दोनों अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई। इस पाली में 6240 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4781 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1459 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 6240 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4891 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1349 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 12480 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 9672 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2830 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।


कंट्रोल रूम में लगाए गए सीसीटीवी से परीक्षा कक्ष की गतिविधि देखते डीएम सीपी सिंह, साथ हैं एसएसपी श्लोक कुमार।

परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ दिखाई दी। निर्धारित समय से पहले ही अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंच गए थे। प्रवेश से पूर्व उनकी गहन जांच की गई और सभी सुरक्षा मानकों का पालन कराया गया।

### डीएम और एसएसपी ने कंट्रोल रूम से रखी पल—पल की नजर

### 16 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा, 9672 अभ्यर्थी हुए शामिल

परीक्षा को सकुशल कराने के लिए प्रशासन ने 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए थे। इसके अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रही। केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जन्मभूमि पर पुलिसकर्मी ने व्यापारी नेता को पीटा, हंगामा

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्ण जन्मभूमि के मुख्य द्वार के नजदीक पोतरा कुंड बैरियर पर रविवार रात सिपाहियों ने व्यापारी नेता से अभद्रता कर डाली। विरोध करने पर हाथापाई कर दी। व्यापारियों ने इस घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल ने बताया कि वह रविवार रात करीब 12 बजे पोतरा कुंड बैरियर स्थित पवन अग्रवाल की किराने की दुकान पर खड़े हुए थे। इसी दौरान एक पीएसी का सिपाही आया और जबरन दुकान बंद करने का दबाव बनाने लगा। इस पर मैंने उससे पूछा कि दुकान बंद कराने का कोई आदेश है, इस बात का सुनकर सिपाही आग बबूला होकर अभद्रता करने पर उतारू हो गया और गाली—गलौज शुरू कर दी। व्यापारी नेता ने सिपाही की भाषा का विरोध किया तो बैरियर पर तैनात एक अन्य पुलिसकर्मी श्रीहित सिंह ने उनका मुंह दबोच कर धक्का दे दिया गया।

इस घटना की जानकारी व्यापारी नेता ने एसपी सुरक्षा को दी। संबंधित अधिकारी मौके पर आए और उन्होंने सिपाहियों से माफी मंगवा कर मामले को दबाने का प्रयास किया।

### मारपीट की घटना से व्यापारियों में आक्रोश कार्रवाई की मांग

### कृष्ण जन्मभूमि के व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सिपाहियों द्वारा व्यापारी नेता से की गई यह शर्मनाक घटना सोमवार सुबह संज्ञान में आई तो व्यापारी आक्रोशित हो गए।

कृष्ण जन्मस्थान उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने व्यापारियों के साथ हुई बैठक में इस घटना को असामान्य बताया, सभी व्यापारियों ने घटना का विरोध करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और बर्खास्तगी की मांग की।

मुकेश अग्रवाल ने कहा कि कृष्ण जन्मस्थान जैसे संवेदनशील और अंतर्राष्ट्रीय स्थल पर ऐसी भाषा शैली— आपराधिक मानसिकता वाले पुलिसकर्मी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर व्यापारी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# मंदिर के दान पात्र को तोड़ लाखों रुपये ले गए चोर

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव लोहवन स्थित प्राचीन मंशा देवी मंदिर में अज्ञात चोरों ने देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर का कांच तोड़कर अंदर घुस गए और दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई बड़ी राशि जमा थी। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, चोरी की रकम लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी सुबह मंदिर खुलने पर हुई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जून में पहली बार 41 डिग्री तक पहुंचा पारा, उमस भी बढ़ी


**यूनिक समय, मथुरा।** जून में पहली बार सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रविवार के मुकाबले दो डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ा है। गर्मी के साथ ही उमस ने भी लोगों को परेशान किया। दोपहर में तेज धूप और उमस से लोग बेहाल रहे। पिछले सप्ताह आंधी और बारिश के कारण अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा। जून की शुरुआत होते ही तापमान में उतार—चढ़ाव बना रहा। वहीं, पिछले दिनों आंधी संग आई बारिश होने से तापमान कम हुआ तो लोगों ने राहत पाई। वहीं, पिछले कई दिन से लगातार तापमान में इजाफा जारी है। सोमवार सुबह धूप निकलने के साथ ही पसीने छूटने लगे। दोपहर के समय सड़क और बाजार सूनसान दिखाई दिए। रात के तापमान में बढ़ोतरी होने से राहत नहीं मिल पा रही है।

### आर्थिक स्थिति मजबूती होने का संकेत

# अधिक मास में वृंदावन पर बरस रही लक्ष्मी कृपा

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** अधिक मास में मंदिरों की नगरी में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने वृंदावन की अर्थ व्यवस्था को मजबूत किया है। अब अधिक मास के समाप्त होने एक सप्ताह का समय शेष बचा है। श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ रही है। श्रद्धालुओं के आने से गेस्ट हाउस और होटल हाउस फुल दिखाई दे रहे हैं। रेस्टोरेंट और ढाबों पर खाना खाने के लिए देर रात्रि तक भीड़ दिखाई दे रही है। रास्ते में खुले चाय और लस्सी की दुकानों पर दिन भर चहल पहल दिखाई दे रही है। पोशाक खरीदने वाले भी पीछे नहीं है।




अधिक मास के दौरान मंदिरों की नगरी में दान- पुण्य करने के लिए कई बड़े शहरों के श्रद्धालुओं ने डेरा डाल लिया है। वह रोजाना किसी  न किसी वस्तु का वितरण कर रहे है। श्रद्धालुओं के लिए खाने के लिए किसी भी वस्तु की कमी नहीं है। लाखों रुपये का माल अब तक बाजार से खरीदकर दान किया जा चुका है।

इसी तरह से होटल के कमरे पूरी तरह से बुक है। एक कमरे का 24 घंटे का किराया तीन से पांच हजार रुपये तक का है। गेस्ट हाउसों में भी एक कमरे का किराया एक हजार रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक है।  वह काफी समय पहले बुक कर दिए गए। होटल और गेस्टहाउस की हालात देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि किराये की राशि से अधिक मास के दौरान कई करोड़ रुपये यहां आ गए। इस आय को देखकर अब लोग गेस्ट हाउस बनाने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

बाजारों में खुले रेस्टोरेंट और ढाबों में खाना खाते लोगों को देखकर यह अंदाज लगाया जा सकता है कि एक दिन में कई लाख रुपये इनके संचालकों के पास आ जाता होगा। चाय की दुकानों पर ग्राहकों की संख्या देखकर एक अनुमान लगाया जा सकता है कि हर चाय बेचने वाला रोजाना हजारों रुपये की बिक्री कर रहा है। पोशाक, मिठाई बेचने वाले व्यापारियों के चेहरे भी खिल रहे हैं। अधिक मास में उनके प्रतिष्ठानों पर अच्छी खासी बिक्री हो रही है। मंदिरों की नगरी के विभिन्न मार्गों पर चल रहे ई-रिक्शा वाले और आटो वालों की भी बल्ले—बल्ले हो रही है। वह दिन भर में दो तीन हजार रुपये कमा रहे हैं। भले ही वह इस बात को स्वीकार नहीं करें, लेकिन हकीकत में उनको अच्छी खासी आय हो रही है



## अनंतिम मतदाता सूची में 4.78 लाख वोटरों का हुआ सत्यापन

# 5743 डुप्लीकेट मतदाता हटाए

### 10 जून को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

### ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का सत्यापन पूरा

**यूनिक समय, मथुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत की अनंतिम मतदाता सूची में मिले डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन कार्य पूरा हो गया है। इस प्रक्रिया में 5743 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। अंतिम मतदाता सूची 10 जून को जारी की जाएगी। अगस्त 2025 में त्रिस्तरीय मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य शुरू हुआ था। बूथ लेवल अधिकारियों ने 14 अगस्त से 29 सितंबर तक घर–घर जाकर वोटरों का सत्यापन किया। ऑफलाइन और ऑनलाइन तरीके से कार्य करके एक जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी करने वालों के नाम जोड़े गए। मृत या शहरों में निवास करने वाले लोगों के नाम सूची से हटाए गए।

नाम सहित अन्य संशोधन भी किए गए और सूची वेबसाइट पर अपलोड की गई।

### डुप्लीकेट वोटरों की ऐसे हुई पहचान

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक ग्राम पंचायत की सूची का अन्य पंचायतों से मिलान कराया। इसमें 478818 ऐसे वोटर सामने आए, जिनका नाम, पिता का नाम और लिंग समान था। आयोग ने इन डुप्लीकेट वोटरों की सूची को दोबारा सत्यापन के लिए भेजा। करीब डेढ़ माह में वोटरों से आधार के अंतिम चार अंक लेकर यह सत्यापन पूरा किया गया। इस गहन जांच में 5743 वोटरों के नाम, पिता और लिंग समान पाए गए। इन सभी नामों को मतदाता सूची से हटा दिया गया है। प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचायत–निकाय पिंकी सिंह ने बताया कि डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन पूरा हो गया है। इसमें 5743 डुप्लीकेट वोटर मिले हैं। ऐसे मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। अब फाइनल मतदाता सूची 10 जून को जारी की जाएगी।

### खास बात

सत्यापन को आया डाटा– 778818
सत्यापन किया गया डाटा– 773075
जिले में डुप्लीकेट मतदाता– 5743





## पुलिस ने गांजा बेचने वाले दो युवक दबोचे

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस ने गांजा बिक्री करने वाले दो युवकों को दबोचा है। पकड़े गए युवकों के कब्जे से एक किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ है। थाना जमुनापार पुलिस टीम ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त अतुल उर्फ जानी निवासी कुआं वाली गली, लक्ष्मीनगर, को इंद्रपुरी अंडरपास के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 424 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह एवं उपनिरीक्षक रजत कुमार सहित थाना जमुनापार पुलिस टीम शामिल रही।

थाना छाता पुलिस टीम ने आज दोपहर चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त अमर सिंह निवासी मोहल्ला बीच का थोक, कस्बा छाता को रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर स्थित फ्लाईओवर के पास तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक उमेशचंद त्रिपाठी, उपनिरीक्षक राहुल चौधरी, उपनिरीक्षक पुनीत सिरोही द्वारा की गई।

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह पहुंचे बांकेबिहारी के दर पर



ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में पूजा करते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह। साथ हैं पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश गौतम।

**यूनिक समय, वृंदावन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर परिवार के साथ पूजा–अर्चना की। दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और ठाकुर बांके बिहारी से देश की सुख–समृद्धि, जनकल्याण की कामना की।

महासचिव के साथ पूर्व चेयरमैन मुकेश गौतम, पुनीत चतुर्वेदी, मानिक शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, जुगल गोस्वामी, राधेश्याम शर्मा और श्याम चतुर्वेदी उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं की भीड़ से व्यापारी परेशान

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सोमवार को भी दर्शन करने को आए श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। मंदिर के आसपास की गलियां ठसाठस भरी दिखीं। गर्मी में पसीने से तर-तबर श्रद्धालु ठाकुर बांकेबिहारी की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

## गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में अंधेरा, श्रद्धालु परेशान



**यूनिक समय, गोवर्धन।** अधिक मास में गोवर्धन परिक्रमा के लिए प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले को लेकर प्रशासन ने महीनों पहले से तैयारियां शुरू कर दी गई थीं, लेकिन परिक्रमा मार्ग की विद्युत व्यवस्था को लेकर अब भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि परिक्रमा मार्ग के कई हिस्सों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण रात के समय चलने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे की स्थिति में भीड़-भाड़ के बीच सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

इसी बीच स्थानीय पत्रकारों द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद विद्युत विभाग के एक अधिकारी (एक्सईएन) पर पत्रकारों को मेला के बाद देख लेने की कथित धमकी देने का आरोप भी लगाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि परिक्रमा मार्ग में तत्काल पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए और कथित धमकी प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। प्रशासन और विद्युत विभाग की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### विद्युत विभाग की तैयारियों पर उठने लगे सवाल

## प्रियंका खंडेलवाल का प्री–सबमिशन शोध संपन्न

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग में एसोसिएट प्रो. डॉ. निधि शर्मा के निर्देशन में शोधरत शोधार्थी प्रियंका खंडेलवाल की विद्या वाचस्पति (पी–एच.डी.) उपाधि से पूर्व शोध प्रस्तुतीकरण (प्री–सबमिशन सेमिनार) की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग में किया। इसमें शोधार्थी ने अपने शोध कार्य की विषयवस्तु, उद्देश्यों, शोध–पद्धति और निष्कर्षों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पल्लवी सिंह ने शोधार्थियों को गंभीर अध्ययन-अनुसंधान के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की रूमी जायसवाल आदि ने शोधार्थी प्रियंका को उनके सफल शोध प्रस्तुतीकरण के लिए बधाई दी।




### तापमान / मौसम

41 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

29 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,51,840
22 कैरेट 1,39,186
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,65,000 प्रति किलो

### हंसता आईना




यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालयः**– यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक–पवन गौतम
**फोन नंबर–0565–2420150,**
**मो. 9837155888**
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# अनियंत्रित होकर पलटी रोडवेज बस, दो महिला यात्रियों की मौत


डिवाइडर पर चढ़कर पलटी बस को देखते राहगीर।

**यूनिक समय, फरह।** सोमवार दोपहर रोडवेज की एक अनुबंधित बस ओवरटेक के फेर मे पलट गई। पलटा खाने के बाद बस डिवाइडर पर चढ़कर सीधी हो गई। हाइसे में दो महिला यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायल यात्रियों को स्थानीय सीएचसी के अलावा अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यात्रियों ने चालक पर शराब पीकर बस चलाने का आरोप लगाया है।

## ओवरटेक के फेर में हुआ हादसा, एक दर्जन यात्री घायल

## दो पलटा खाने के बाद डिवाइडर पर चढ़कर पलटी बस

मथुरा स्थित नए बस स्टैंड से दोपहर करीब 12:30 बजे अनुबंधित बस संख्या यूपी 85 एटी 4371 फिरोजाबाद के लिए रवाना हुई थी। फरह क्षेत्र में महुअन टोल से एक किमी पहले मुकदम बिहारी लाल इंटर कालेज के सामने ओवरटेक करने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि बस दो बार पलटा खाने के बाद डिवाइडर पर चढ़कर सीधी हो गई।

बस पलटते ही यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। कई यात्री घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर आ गए, पुलिस को भी जानकारी दी गई। टोल पर मौजूद एबुलेंस और स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस से घायलों को कस्बा स्थित सामुदायिक केंद्र के अलावा स्वर्ण जयंती और जिला अस्पताल भिजवाया गया। बस सवार कई यात्रियों ने चालक के शराब के नशे होने के आरोप भी लगाए। हादसे में आगरा के थाना बरहन के आंवलखेड़ा के गांव अगरपुर निवासी संगीता के अलावा पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रही नगला छिंगा, थाना मगोर्रा निवासी चंचल नाम की युवती की मौत हो गई। मृतका संगीता अपने परिवार के साथ 84 कोस परिक्रमा लगाकर लौट रहीं थीं, जबकि चचंल पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रही थी। हादसे में घायल मंजू आगरा, ललितेश फरीदाबाद, शिवम फरीदाबाद, भूरी देवी आगरा और एक अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से छुट्टी दे गई।

### हाइवे पर लग गया जाम

बस पलटने के बाद हाइवे पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि हादसे में दो महिलाओं की मौत हुई है, जबकि एक दर्जन अन्य यात्री घायल हुए हैं। बस का चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।




# खनन करते लोडर पकड़ा, ट्रैक्टर भागे

**यूनिक समय, मथुरा।** रात के अंधेरे में धरती का सीना चीरा जा रहा है। खनन माफिया मोटी कमाई के चक्कर में मिट्टी खनन कराने में जुटा है। एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए खनन अधिकारी ने थाना क्षेत्र के गांव बरौदा में संचालित अवैध मिट्टी खनन के ठिकाने पर छापा मार दिया। रात के समय हुई इस कार्रवाई से माफिया में हड़कंप मच गया। मौके से एक लोडर वाहन पकड़ा गया, जबकि ट्रैक्टर- ट्राली लेकर अन्य लोग भाग गए।

खनन विभाग अब जुर्माने की कार्रवाई में जुटा है। क्षेत्र के शाहपुर और सलेमपुर के अलावा बरौदा, करनपुर और परखम के अलावा अन्य गांवों में रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का खेल जोरों पर चल रहा है। कई चौकी प्रभारी मिट्टी से जुड़े इस खेल में सहयोगी भूमिका निभा रहे हैं। मिट्टी के इस खेल से निकलने वाली खनक की वजह से खाकी भी चुप्पी साधे बैठी रहती है। बीते दिन इंटरनेट मीडिया पर गांव परखम में चल रहे अवैध मिट्टी खनन का एक वीडियो वायरल भी हुआ था।

## फरह क्षेत्र के गांव बरौदा में चल रहा था अवैध खनन

## खनन अधिकारी ने रात को मारा छापा मचा हड़कंप

अब गांव बरौदा में अवैध मिट्टी खनन की जानकारी पर सोमवार बीती रात करीब दो बजे खनन अधिकारी अक्षय कुमार ने पुलिस के साथ छापा मारा तो खनन माफिया में हड़कंप मच गया। छापा पड़ते ही मिट्टी खनन में जुटे ट्रैक्टरों को लेकर चालक भाग गए, जबकि मिट्टी खोदने और लोडिंग का काम कर रहा एक ट्रैक्टर लोडर वाहन मौके से पकड़ा गया। खनन अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि गांव बरौदा से एक लोडर ट्रैक्टर को खनन करते समय पकड़ा गया है, जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

### फ्रंट ऑफिस सिस्टम के विरोध में हड़ताल

# बैनामा लेखक और अधिवक्ताओं ने नहीं किया काम

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार को नई व्यवस्था के विरोध में दस्तावेज लेखक- बैनामा लेखक हड़ताल पर रहे। प्रदेश सरकार द्वारा उप–निबंधन (रजिस्ट्री) कार्यालयों में पीपीपी मॉडल पर फ्रंट ऑफिस सिस्टम लागू किए जाने के विरोध में दस्तावेज लेखक और अधिवक्ताओं ने कामकाज बंद कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि नई व्यवस्था से उनके कार्य और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

प्रदेश सरकार द्वारा उपनिबंधन कार्यालयों में पीपीपी मॉडल पर फ्रंट ऑफिस सिस्टम लागू किया जा रहा है। इसके विरोध में सोमवार को सदर तहसील के उप निबंधन कार्यालय में अधिवक्ता और दस्तावेज लेखकों ने हड़ताल कर प्रदर्शन किया। सब रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा।


फंट ऑफिस सिस्टम के विरोध में हड़ताल पर बैठक कातिब आदि।

सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर सुबह 10 बजे से अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प वेंडरों ने काम बंद कर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कातिब सोहन लाल शर्मा ने बताया कि फ्रंट ऑफिस खुलने से रोजगार चौपट हो जाएगा। फ्रंट ऑफिस का नियम लागू नहीं हो, इसका विरोध किया जा रहा है। अधिवक्ताओं का कहना था फ्रंट ऑफिस का नियम लागू किया गया तो रजिस्ट्री कराने का काम प्राइवेट कंपनी के अधीन हो जाएगा। इससे दस्तावेज लेखक बेरोजगार हो जाएंगे। हड़ताल क वजह से उप निबंधन कार्यालय में स्टाम्प व फीस का लगभग 40 लाख रुपये का संग्रह नहीं हो सका है।

## निबंधन कार्यालयों में काम प्रभावित, मनमानी का आरोप

# बकरी फार्म और केपी इंस्टीट्यूट के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को हुआ एमओयू


एमओयू हस्ताक्षर के दौरान मौजूद बकरी फार्म के निदेशक डा. मनीष कुमार चेटली आदि।

**यूनिक समय, फरह।** सोमवार को केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की। संस्थान ने आगरा स्थित केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के साथ कैशरहित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया। एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में संस्थान की ओर से निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली और केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से ब्रिगेडियर अशोक कुमार अरोड़ा निदेशक प्रशासन, शदाब आलम सह निदेशक उपस्थित रहे।




| INVESTIGATION | OUR RATES | MARKET RATES | INVESTIGATION | OUR RATES | MARKET RATES |
|---|---|---|---|---|---|
| MRI BRAIN | 2500 | 4500 | CT ANGIOGRAPHY BRAIN | 5500 | 8000 |
| MRI WHOLE SPINE | 7000 | 11000 | COLUR DOPPLER | 500 | 2000 |
| MRI WHOLE ABDOMEN | 5000 | 8000 | ECHO CARDIOGRAPHY | 1000 | 2000 |
| MRI ANY JOINT | 3500 | 4500 | DIGITAL XRAY | 100 | 300 |
| MRCP | 4000 | 5000 | MEMOGRAPHY | 1500 | 3000 |
| CT WHOLE ABDOMEN | 3000 | 4500 | OPG | 400 | 600 |
| CT HEAD | 1500 | 2000 | | | |
| CT ANGIOGRAPHY | 7000 | 8000 | | | |



सोमवार को मथुरा जंक्शन पर मौजूद यात्री।



जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने को जद्दोजहद करते परीक्षार्थी।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को आए अभ्यर्थियों ने बताई दिल की बात

# चेहरे पर उम्मीद की मुस्कान, आंखों में भविष्य की चिंता



सोमवार को केआर डिग्री कॉलेज से पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौटते छात्र–छात्राएं।

## परिवार के सपनों बेरोजगारी की चुनौती और वर्दी की है इच्छा

## सरकारी नौकरी की उम्मीद लेकर मथुरा पहुंचे हजारों अभ्यर्थी

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार को आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए विभिन्न जनपदों से हजारों अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए यहां आए। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकले तो उनके चेहरों पर अलग–अलग भाव दिखाई दिए। कोई पेपर अच्छा होने से खुश नजर आया तो कोई प्रश्नपत्र की कठिनाई को लेकर चिंतित दिखा। जब यूनिक समय टीम ने अभ्यर्थियों से बातचीत की तो उनके सपनों, संघर्षों और उम्मीदों की कहानी सामने आई।

नोएडा से आए ज्ञानदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने बीबीए की पढ़ाई पूरी की है। पढ़ाई के बाद उन्होंने निजी क्षेत्र में नौकरी की काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। परिवार की जिम्मेदारियों और घर की परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने सरकारी नौकरी की राह चुनी है।



काजल | संध्या दिवाकर | गुंजन | शिवानी | दिनेश कुमार | मार्शल | ज्ञानदीप

उनके माता–पिता की हमेशा इच्छा रही कि वह किसी सरकारी सेवा में जाएं और अब पुलिस भर्ती के माध्यम से वह उनके सपने को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

बुलंदशहर से आए मार्शल कुमार ने बताया कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह पिछले दो वर्ष से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बचपन से ही वर्दी पहनने का सपना देखा है। पुलिस सेवा में जाने की इच्छा केवल उनकी ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी मेहनत रंग लाएगी और एक दिन वह पुलिस की वर्दी पहनकर अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे।

बुलंदशहर के ही दिनेश कुमार ने बताया कि उन्होंने एमएससी तक की पढ़ाई की है। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्हें पुलिस भर्ती परीक्षा देनी पड़ेगी, लेकिन रोजगार की सीमित संभावनाओं और परिवार की आर्थिक स्थिति ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। आज के समय में नौकरी प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती बन गई है और इसी कारण उन्होंने पुलिस सेवा को अपना लक्ष्य बनाया है।

आगरा से आई शिवानी ने बताया कि उन्होंने बीएससी की पढ़ाई पूरी की है। बचपन से ही उनका सपना पुलिस विभाग में भर्ती होने का रहा है। समाज की सेवा करने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्य करने की इच्छा ने उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ाया है। उम्मीद जताई कि यदि चयन हो जाता है तो उनका वर्षों पुराना सपना साकार हो जाएगा।

मैनपुरी से आई गुंजन ने बताया कि बीएससी पास की हैं, पहली बार किसी प्रतियोगी परीक्षा देने आई हूं। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका उद्देश्य केवल परीक्षा के स्वरूप और प्रतिस्पर्धा को समझना था। पहली कोशिश अनुभव देती है और यही अनुभव भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगा।

संध्या दिवाकर ने बताया कि उनकी मां की इच्छा है कि उनकी बेटी पुलिस की वर्दी पहने। मां के सपनों को पूरा करना ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है। वह चाहती हैं कि चयन के बाद जब वह वर्दी पहनें तो उनके परिवार को गर्व महसूस हो और उनकी मां का सपना साकार हो सके।

काजल ने भावुक होते हुए बताया कि उनकी दादी हमेशा चाहती थीं कि वह पुलिस विभाग में भर्ती होकर वर्दी पहने। दादी अक्सर कहती है कि वर्दी में देखने का उनका सपना है। इसी प्रेरणा से उन्होंने पुलिस भर्ती की तैयारी शुरू की और अब वह पूरी मेहनत के साथ अपने परिवार, दादी की इच्छा पूरी करने का प्रयास कर रहीं हूं।




### अधिक मास और पुलिस भर्ती परीक्षा से मथुरा जंक्शन पर बढ़ी भीड़

# आरपीएफ प्रभारी ने खुद संभाली व्यवस्था

## यात्रियों को ट्रेनों में बैठाने में मदद की

## आरपीएफ टीम ने यात्रियों को सुरक्षित बैठाया

## परीक्षा अभ्यर्थी और श्रद्धालु एक साथ पहुंचे



ट्रेन में यात्रियों को बैठाते आरपीएफ पुलिस की टीम।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण की नगरी में अधिक मास की वजह से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। मथुरा, वृंदावन और गोवर्धन में हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है, जबकि होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस भी लगभग भरे हुए हैं।

अधिक मास समाप्त होने में अब करीब एक सप्ताह का समय शेष है, इसलिए श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ रही है।

सोमवार को मथुरा जंक्शन पर दोपहर के समय भारी भीड़ देखने को मिली। एक तरफ गोवर्धन परिक्रमा करने आए श्रद्धालु थे तो दूसरी तरफ पुलिस भर्ती परीक्षा देने को आए अभ्यर्थी भी बड़ी संख्या में स्टेशन पर मौजूद रहे। दोनों कारणों से स्टेशन पर यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ गई। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि प्लेटफॉर्म पर बैठने तक की जगह नहीं बची। कई यात्री खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करते दिखाई दिए। ट्रेनों के आते ही डिब्बों में चढ़ने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस स्थिति को देखते हुए आरपीएफ थाना प्रभारी यूके कौशिक अपनी टीम के साथ स्टेशन पर लगातार मौजूद रहे। उन्होंने खुद यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेनों में बैठाने का काम किया। आरपीएफ जवान भीड़ को नियंत्रित करते रहे और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने में जुटे रहे। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने आरपीएफ की व्यवस्था की सराहना की।

# जीएलए इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग के 92 प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन



जीएलए विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के चयनित छात्र-छात्राएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** तकनीकी शिक्षा, नवाचार और रोजगारपरक प्रशिक्षण के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और उद्योगोन्मुखी शिक्षा प्रणाली के कारण चर्चा में है। विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कैंपस प्लेसमेंट में 92 प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन कराकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कैंपस प्लेसमेंट अभियान के दौरान देश और विदेश की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों ने विभाग के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इनमें एक्सेंचर, कॉग्निजेंट, एम्बर एंटरप्राइजेज इंडिया, बाको, वैलियंस सॉल्यूशंस, एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स, वीवो इंडिया, इनक्रीफ, सिलिकॉन लैब्स तथा स्पार्क मिंडा जैसी अग्रणी कंपनियां शामिल रहीं। इन कंपनियों ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, विश्लेषणात्मक क्षमता, संचार कौशल, नवाचार सोच, समस्या समाधान योग्यता तथा उद्योग के लिए उनकी तैयारी का व्यापक मूल्यांकन किया।

इस वर्ष विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धि रही सिलिकॉन लैब्स द्वारा छात्र हिमांशु उपाध्याय का 19 लाख रुपये से अधिक के वार्षिक पैकेज पर चयन। यह उपलब्धि न केवल छात्र की प्रतिभा और परिश्रम को दर्शाती है, बल्कि विभाग में उपलब्ध कराए जा रहे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उद्योगोन्मुखी शिक्षण व्यवस्था की भी पुष्टि करती है। विभाग का औसत पैकेज लगभग 7 लाख रुपये वार्षिक रहा, जो उद्योग जगत में ईसीई स्नातकों की बढ़ती मांग और उनकी उपयोगिता को दर्शाता है।

19 लाख रुपये से अधिक के पैकेज पर चयनित छात्र हिमांशु उपाध्याय ने अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक सपने के साकार होने जैसा है। उन्होंने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय में प्राप्त मजबूत तकनीकी आधार, प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक अनुभव, शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन और नियमित प्लेसमेंट प्रशिक्षण ने उन्हें उद्योग की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान कई विद्यार्थियों को एक से अधिक कंपनियों से जॉब ऑफर प्राप्त हुए। विद्यार्थियों ने वीएलएसआई डिजाइन, एम्बेडेड सिस्टम्स, कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और कोर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में आकर्षक रोजगार अवसर प्राप्त किए। वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में तेजी से बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए विभाग विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से जोड़ने पर विशेष

## सिलिकॉन लैब्स में 19 लाख से अधिक का पैकेज, राष्ट्रीय-बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों पर जताया भरोसा

ध्यान दे रहा है। विभाग में नियमित रूप से अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण, तकनीकी कार्यशालाएं, औद्योगिक भ्रमण, कोडिंग प्रतियोगिताएं, नवाचार गतिविधियां, हैकाथॉन, विशेषज्ञ व्याख्यान और मॉक इंटरव्यू सत्र आयोजित किए जाते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को 5जी कम्युनिकेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, वीएलएसआई डिजाइन, एम्बेडेड सिस्टम्स और सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग जैसी उभरती तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है। विभाग वर्तमान में बी.टेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग, बी.टेक ईसी (माइनर इन कंप्यूटर साइंस), बी.टेक ईसी (स्पेशलाइजेशन इन वीएलएसआई), एम.टेक ईसी तथा पीएचडी ईसी जैसे आधुनिक एवं उद्योगोन्मुखी कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों को इस प्रकार तैयार किया गया है कि विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान ही उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं और आधुनिक तकनीकों से परिचित हो सकें। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. विनय देवलिया ने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे इंजीनियर तैयार करना है जो तकनीकी चुनौतियों का समाधान कर सकें और उद्योग में नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। सह विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि विभाग के शिक्षकों की प्रतिबद्धता, आधुनिक प्रयोगशालाएं, उद्योग आधारित पाठ्यक्रम और निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम इस सफलता की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# जाम के झाम में फंसी कान्हा की नगरी



**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी इन दिनों वाहन चालकों की मनमानी और जिम्मेदारों की लापरवाही से जाम के झाम में फंस रही है। जाम अब लोगों के लिए परेशानी की वजह बन रहा है। चौराहों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें व्यवस्था सवाल उठा रही हैं। आधा किलोमीटर की दूरी तय करने में भी लोगों को आधा से एक घंटे तक का समय लग रहा है,जिससे स्थानीय नागरिकों के साथ श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के गोवर्धन चौराहा, मंडी चौराहा, भूतेश्वर चौराहा और नए बस स्टैंड के अलावा डीग गेट आदि स्थानों पर रोड पर जाम की स्थिति सबसे अधिक

## धूप और भीषण जाम से लोग परेशान

## आधा किलोमीटर में लग रहा एक घंटा

गंभीर है। इन मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ने के साथ ही लंबी- लंबी लाइनें लग जाती हैं। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में घंटों फंसे रहने से यात्रियों और श्रद्धालुओं को हिम्मत भी जवाब दे जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेकाबू हो चुकी है। प्रमुख चौराहों पर तैनात पुलिस और ट्रैफिक कर्मी यातायात संचालन के बजाय मोबाइल फोन या अन्य कामों में अधिक व्यस्त दिखाई देते हैं, जिससे जाम की समस्या और बढ़ जाती है। गोवर्धन और भूतेश्वर चौराहे पर भीड़ बढ़ने पर यातायात ठप हो जाता है।

### यहां भी लगता रहा जाम

सोमवार को गोवर्धन चौराहा, डीग गेट, मंडी चौराहा के अलावा स्टेट बैंक के आसपास और नए बस स्टैंड पुल और भरतपुर गेट पर जाम दिखा। कृष्णानगर में तो हर शाम को लगने वाला जाम आज भी बना रहा।

### जाम की यह भी है बड़ी वजह

इन प्रमुख स्थानों पर जाम की प्रमुख वजह सड़क पर वाहनों को रोक देने के अलावा अतिक्रमण भी है। रोडवेज कार्यशाला के पास तो जाम ट्रांसफार्मर की वजह से लगता है। सड़कों पर वाहन खड़ा करके खरीदारी की आदत भी शहर को जाम फंसा रही है।

# हार्टफुलनेस ध्यान सत्र 10 जून को

**यूनिक समय, मथुरा।** वैश्विक आध्यात्मिक संस्था हार्टफुलनेस के तत्वावधान में 10 जून को सायं 5 बजे डेम्पियर नगर स्थित पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम मे हृदय-आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। कार्य क्रम में हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक एवं पद्म भूषण सम्मानित डॉ. कमलेश डी. पटेल (दाजी) उपस्थित रहेंगे और साधकों का मार्गदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा ने बताया कि ध्यान सत्र का उद्देश्य लोगों को हृदय-आधारित ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति, प्रेम और आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ना है। डॉ. कमलेश डी. पटेल (दाजी) उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के निमंत्रण पर 9 से 12 जून तक मथुरा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे परिषद की विभिन्न परियोजनाओं, जिनमें ब्रज के कुंडों का पुनर्जीवन, गोवर्धन क्षेत्र में हरित विकास, पौराणिक वन स्थलों के संरक्षण तथा वाटर म्यूजियम की स्थापना जैसी योजनाओं के संबंध में विचार-विमर्श एवं स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

# परिक्रमार्थियों के लिए मिशन स्माईल फाउंडेशन ने लगाया भंडारा




मिशन स्माईल फाउंडेशन समिति के भंडारे से प्रसाद लेते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, मथुरा।** मिशन स्माईल फाउंडेशन मथुरा द्वारा 84 कोस परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। समिति की अध्यक्षा गीता नाथानी ने बताया कि अधिकमास में ब्रज चौरासी कोस की यात्रा कर रहे श्रद्धालु भक्तों की सेवा कर बहुत अच्छा लगा है, संस्था का मुख्य उद्देश्य ही मानव सेवा है।

महासचिव अनीता चावला ने बताया कि संस्था की ओर से ब्रज में निरंतर ऐसी सेवाएं की जाती हैं। मान्यता है कि ब्रज मंडल में परिक्रमार्थियों की सेवा करने से 84 लाख योनियों के बंधनों से मुक्ति का मार्ग आसान होता है। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से मिशन स्माईल फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा के साथ ही सांस्कृतिक परंपराओं के साथ सबको जोड़ने का भी प्रयास किया जाता है।

कार्यक्रम में दलजीत कौर, अलका सोलंकी, इंदिरा गंगवानी, हेमा गंगवानी,शालू अग्रवाल, रंजन चूड़ामणि, प्रीति अग्रवाल, नीरज शर्मा, चारू राजवंशी, लक्ष्मी अग्रवाल, कोमल, कुशल, प्रतिभा सिंह, राजेश आदि मौजूद रहे।

# राजीव एकेडमी की दो एमबीए छात्राएं कोटक महिन्द्रा में करेंगी इंटर्नशिप



कोटक महिंद्रा बैंक में इंटर्नशिप के लिए चयनित राजीव एकेडमी की छात्राएं प्राची सक्सेना और निहारिका गौर।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट, मथुरा की दो एमबीए तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं का प्रतिष्ठित कोटक महिंद्रा बैंक में इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। कंपनी पदाधिकारियों ने निहारिका गौर और प्राची सक्सेना का बौद्धिक मूल्यांकन करने के बाद उन्हें समर इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया है।

कॉर्पोरेट रिसोर्स विभाग प्रमुख डॉ. विकास जैन ने बताया कि राजीव एकेडमी की दो छात्राओं का कोटक महिंद्रा बैंक में इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। दोनों छात्राओं की यह सफलता उनकी मेहनत, समर्पण और संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा-प्रशिक्षण का परिणाम है। चयनित छात्राओं निहारिका गौर और प्राची सक्सेना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें समर इंटर्नशिप का जो अवसर मिला है उसमें वे बैंकिंग क्षेत्र के व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण लेने के साथ अपने प्रबंधकीय कौशल का भी विकास करेंगी।

कोटक महिंद्रा बैंक में इंटर्नशिप के लिए चयनित छात्राओं ने बताया कि राजीव एकेडमी में चूंकि प्रत्येक विद्यार्थी को किताबी ज्ञान के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयारी कराई जाती है, यही वजह है कि हम लोगों को किसी भी प्रतिस्पर्धी परीक्षा और साक्षात्कार में सहजता से सफलता मिल जाती है। संस्थान के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करती हैं और संस्थान की उत्कृष्ट प्लेसमेंट परम्परा को और सुदृढ़ बनाती हैं। डॉ. सक्सेना ने कहा कि राजीव एकेडमी में शिक्षा प्रणाली को लगातार गुणवत्तापूर्ण बनाया जाता है, ताकि छात्र-छात्राओं को प्रबंधन के सभी अपडेट्स प्राप्त होते रहें।

डॉ. सक्सेना का कहना है कि राजीव एकेडमी में छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान देने के साथ ही उन्हें स्वर्णिम करिअर निर्माण का मार्गदर्शन भी दिया जाता

## निहारिका गौर और प्राची सक्सेना निखारेंगी अपना प्रबंधकीय कौशल

है। आरके एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल और प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि राजीव एकेडमी अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार, छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य निर्माण को प्रतिबद्ध है, यही वजह है कि यहां से शिक्षा पूरी करते ही छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में सहजता से सेवा का अवसर मिल जाता है।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और कॉर्पोरेट जगत में उसकी मजबूत पहचान का प्रमाण है। डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि मेहनत ही कामयाबी का मूलमंत्र है, लिहाजा शिक्षा हो या कार्यक्षेत्र जो विद्यार्थी जितनी अधिक मेहनत करेगा, वह उतना ही आगे बढ़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मिले अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# जायंट्स ने प्रसाद बांट कर कमाया पुण्य



भंडारा वितरित करते जायंट्स ग्रुप आफ मथुरा के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप आफ मथुरा ने पुरुषोत्तम मास में डीग गेट स्थित हनुमान मंदिर पर प्रदीप फौजदार की अध्यक्षता में सामूहिक रूप से हनुमान जी का फूल बंगला सजवाया। पूजा-अर्चना कर आरती करके प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक बीना गर्ग, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रथम महिला मिताली फौजदार, सीमा गुप्ता, नीलिमा अग्रवाल, बीना गर्ग, रचना अरोड़ा, इंजी. गरिमा साहू, अंजना अग्रवाल, छाया अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, रुक्मिणी अग्रवाल और सोनाली गर्ग ने सहभागिता कर पूड़ी, कचौड़ी, बूंदी, सब्जी का प्रसाद राहगीरों, दर्शनार्थियों, यात्रियों आदि को वितरित किया।

## विशेषज्ञों ने दी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह

# फैटी लिवर में खानपान और दिनचर्या का रखें खास ध्यान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आजकल खराब खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और अनियमित जीवनशैली के कारण फैटी लिवर की समस्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लिवर शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, जो भोजन को पचाने, विषैले पदार्थों को बाहर निकालने और कई जरूरी कार्यों को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में लिवर को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी है।



विशेषज्ञों का कहना है कि फैटी लिवर से जूझ रहे लोगों को दिन की शुरुआत चाय या कॉफी के बजाय गुनगुने पानी से करनी चाहिए। सुबह एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीने से शरीर को हाइड्रेशन मिलता है और पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। कुछ लोग इसमें नींबू का रस मिलाकर भी सेवन करते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि "डिटॉक्स" के दावों के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं, लेकिन पर्याप्त पानी पीना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है।
इसके अलावा आंवला जूस, हल्दी वाला पानी या अजवाइन का पानी भी कुछ लोग अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं। हालांकि किसी भी घरेलू उपाय को नियमित रूप से अपनाने से पहले डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह लेना बेहतर रहता है।

फैटी लिवर में इन बातों का रखें ध्यान

**फाइबर युक्त आहार लें:** हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, चुकंदर, फल और सलाद को भोजन में शामिल करें। फाइबर युक्त आहार वजन नियंत्रित रखने और पाचन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।
**जंक फूड से दूरी बनाएं:** अत्यधिक तला-भुना भोजन, मीठे पेय पदार्थ, रिफाइंड शुगर और ट्रांस फैट वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कम करना चाहिए। ये फैटी लिवर की समस्या को बढ़ा सकते हैं।
**पर्याप्त पानी पिएं:** दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। सामान्यतः 8 से 10 गिलास पानी पीने की सलाह दी जाती है, हालांकि जरूरत व्यक्ति के अनुसार अलग हो सकती है।
**शराब और धूम्रपान से बचें:** विशेषज्ञों के अनुसार शराब लिवर को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। वहीं धूम्रपान भी शरीर के कई अंगों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।
डॉक्टरों का कहना है कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर फैटी लिवर की स्थिति में सुधार किया जा सकता है। यदि लिवर से जुड़ी कोई समस्या है, तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लेना चाहिए।




# कॉर्न फ्लोर हेयर मास्क से पाएं मुलायम और चमकदार बाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित खानपान का असर त्वचा के साथ-साथ बालों पर भी दिखाई देता है। इसके कारण बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी हो जाते हैं। ऐसे में बालों की प्राकृतिक चमक लौटाने के लिए घरेलू उपाय काफी कारगर साबित हो सकते हैं। इन्हीं में से एक है कॉर्न फ्लोर हेयर मास्क, जो बालों को मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बनाने में मदद करता है।



विशेषज्ञों के अनुसार कॉर्न फ्लोर में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो बालों की नमी बनाए रखने और उन्हें पोषण देने में सहायक होते हैं। यह स्कैल्प से अतिरिक्त तेल को सोखने में मदद करता है, जिससे बाल चिपचिपे नहीं लगते और उनमें प्राकृतिक वॉल्यूम बना रहता है। साथ ही यह बालों की बनावट को बेहतर बनाकर उन्हें अधिक स्मूद और सिल्की दिखाने में मदद कर सकता है।

**ऐसे बनाएं कॉर्न फ्लोर हेयर मास्क:** इस मास्क को तैयार करने के लिए सबसे पहले दो कप पानी को एक बर्तन में गर्म करें। इसमें चार चम्मच कॉर्न फ्लोर डालकर अच्छी तरह मिलाएं ताकि गांठें न बनें। इसके बाद मिश्रण को धीमी आंच पर 10 से 15 मिनट तक पकाएं। जब यह गाढ़ा जेल जैसा हो जाए तो गैस बंद कर दें और ठंडा होने दें। हल्का ठंडा होने पर इसमें आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच कंडीशनर मिलाकर अच्छी तरह मिश्रित कर लें।

**इस तरह करें इस्तेमाल:** सबसे पहले बालों को शैंपू से साफ कर लें। इसके बाद तैयार मास्क को स्कैल्प पर नहीं, बल्कि बालों की लंबाई और सिरों पर लगाएं। मास्क को 20 से 30 मिनट तक बालों में लगा रहने दें। तय समय बाद बालों को सादे पानी से अच्छी तरह धो लें। इसके बाद दोबारा शैंपू करने की जरूरत नहीं होती।

नियमित रूप से इस हेयर मास्क का उपयोग करने से बालों में प्राकृतिक चमक लौट सकती है और फ्रिजीपन कम हो सकता है। हालांकि, किसी भी घरेलू नुस्खे को अपनाने से पहले संवेदनशील त्वचा या एलर्जी की स्थिति में पैच टेस्ट करना बेहतर माना जाता है।

# नाश्ते में बनाएं रेशमी आलू पराठा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुबह के नाश्ते में पराठा खाना पसंद करने वालों के लिए रेशमी आलू पराठा एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह पारंपरिक आलू पराठे से थोड़ा अलग होता है और अपने मुलायम स्वाद व खास बनावट के कारण काफी पसंद किया जाता है। इसे बनाना भी बेहद आसान है और कम समय में तैयार किया जा सकता है। रेशमी आलू पराठा बनाने के लिए 3-4 उबले आलू, एक कप गेहूं का आटा, स्वादानुसार नमक, एक छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक छोटा चम्मच जीरा, एक छोटा चम्मच बारीक कटी हरी मिर्च और एक बड़ा चम्मच कटा हरा धनिया चाहिए। सबसे पहले उबले हुए आलुओं को कद्दूकस कर लें। इसके बाद एक बर्तन में आटा, कद्दूकस किए हुए आलू, नमक, लाल मिर्च, जीरा, हरी मिर्च और हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिला लें। जरूरत के अनुसार पानी डालकर


## स्वाद के साथ मिलेगी भरपूर ऊर्जा

नरम आटा गूंध लें। आटे को करीब 15 मिनट के लिए ढककर रख दें, ताकि वह अच्छी तरह सेट हो जाए। अब आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाकर पतली रोटियां बेल लें। तवे को गर्म करें और पराठों को दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंकें। इसके बाद घी लगाकर अच्छी तरह कुरकुरा और सुनहरा होने तक पकाएं। गरमागरम रेशमी आलू पराठे तैयार हैं। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार आलू पराठा सुबह के समय ऊर्जा का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं और लंबे समय तक पेट भरा रहने का एहसास कराते हैं। दही, अचार या चटनी के साथ परोसा गया रेशमी आलू पराठा नाश्ते का स्वाद और भी बढ़ा देता है।

# समुद्र, रोमांच और सुकून का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है अंडमान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप इस गर्मी या आने वाली छुट्टियों में समुद्र, रोमांच और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेना चाहते हैं, तो अंडमान-निकोबार द्वीप समूह बेहतरीन विकल्प हो सकता है। हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अंडमान दौरे की तस्वीरों और वीडियो ने इस खूबसूरत पर्यटन स्थल को फिर चर्चा में ला दिया है। नीले समंदर, शांत समुद्री तटों और एडवेंचर गतिविधियों से भरपूर अंडमान पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देता है। अंडमान की सबसे लोकप्रिय गतिविधियों में स्कूबा डाइविंग शामिल है। यहां का साफ और पारदर्शी समुद्री पानी पर्यटकों को समुद्र के भीतर की अद्भुत दुनिया से रूबरू कराता है। रंग-बिरंगी मछलियां, कोरल रीफ और समुद्री जीवों को करीब से देखने का मौका मिलता है। स्कूबा डाइविंग के लिए हैवलॉक द्वीप (स्वराज द्वीप) और नील द्वीप (शहीद द्वीप) सबसे पसंदीदा स्थान माने जाते हैं। यहां प्रशिक्षित विशेषज्ञों की निगरानी में शुरुआती लोग भी सुरक्षित रूप से डाइविंग का आनंद ले सकते हैं।

अंडमान घूमने का सबसे सुविधाजनक और किफायती तरीका स्कूटी किराये पर लेना है। यहां 400 से 600 रुपये प्रतिदिन के खर्च पर स्कूटी आसानी से मिल जाती है। स्कूटी से यात्रा करने पर पर्यटक अपनी सुविधा के अनुसार विभिन्न समुद्र तटों, व्यू प्वाइंट्स और स्थानीय बाजारों का भ्रमण कर सकते हैं। राधानगर बीच, लक्ष्मणपुर बीच और भारतपुर बीच जैसे स्थान पर्यटकों के बीच खासे



लोकप्रिय हैं।

अंडमान की यात्रा के दौरान भारत के सबसे दक्षिणी छोर इंदिरा पॉइंट का भी विशेष महत्व है। यह ग्रेट निकोबार द्वीप पर स्थित है और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र माना जाता है। हालांकि यहां पहुंचने के लिए पहले से हेलिकॉप्टर या जहाज की बुकिंग करानी पड़ती है। अंडमान पहुंचने के लिए दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से पोर्ट ब्लेयर के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं। पर्यटन विशेषज्ञों के अनुसार अक्टूबर से मई तक का समय यहां घूमने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस दौरान मौसम सुहावना रहता है और वाटर स्पोर्ट्स का पूरा आनंद लिया जा सकता है।

चार से पांच दिनों की अंडमान यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति लगभग 20 से 30 हजार रुपये का बजट पर्याप्त माना जाता है, हालांकि इसमें हवाई यात्रा और होटल का खर्च शामिल नहीं होता। रोमांच, प्राकृतिक सौंदर्य और सुकून भरे माहौल की तलाश करने वालों के लिए अंडमान एक आदर्श पर्यटन स्थल साबित हो सकता है।

## सुविचार

हर परिस्थिति में धैर्य रखें, अच्छे समय का इंतजार जरूर फल देता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | नवमी 03:23-02:35 तक | | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा 09:39-09:21 तक | | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | 5:27 AM | | चन्द्रोदय | 12:44 AM |
| सूर्यास्त | 7:09 PM | | चंद्रास्त | 01:06 PM |
| सूर्य राशि | वृषभ राशि | | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | 11:50AM -12:45 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 03:51-04:39 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | 03:43 PM: 05:26 PM | | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### केसर का पानी दूर कर सकता है नकारात्मकता

# बढ़ेगी घर की सकारात्मकता ऊर्जा



**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय संस्कृति और ज्योतिष शास्त्र में केसर को अत्यंत शुभ और पवित्र माना गया है। पूजा–पाठ से लेकर धार्मिक अनुष्ठानों तक इसका उपयोग विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि केसर सकारात्मक ऊ र्जा, सुख–समृद्धि और मानसिक शांति का प्रतीक है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार कुछ आसान उपायों में केसर का उपयोग करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना बढ़ सकती है।

वास्तु शा स्त्र के अनुसार घर का मुख्य द्वार ऊ र्जा के प्रवेश का प्रमुख स्थान माना जाता है। यदि घर में सकारात्मक वातावरण बनाए रखना चाहते हैं तो एक कटोरी स्वच्छ पानी में कुछ केसर के रेशे डालकर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद इस पानी का छिड़काव मुख्य द्वार और आसपास के क्षेत्र में करें। मान्यता है कि विशेष रूप से गुरुवार के दिन यह उपाय करने से शुभ परिणाम प्राप्त हो सकते हैं और घर का वातावरण अधिक सकारात्मक बनता है। ज्योतिष शास्त्र में केसर का संबंध देवगुरु बृहस्पति ग्रह से माना गया है। जिन लोगों की कुंडली में गुरु ग्रह कमजोर होता है, उन्हें शिक्षा, करियर और आर्थिक मामलों में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में केसर को पानी या गंगाजल में घिसकर तैयार किए गए तिलक को मंदिर या भगवान की प्रतिमा पर लगाने की सलाह दी जाती है। मान्यता है कि इससे सकारात्मक ऊ र्जा का संचार होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

आर्थिक स्थिरता के लिए भी केसर के कुछ उपाय लोकप्रिय हैं। तिजोरी या धन रखने वाली अलमारी पर केसर से स्वास्तिक बनाना अथवा तिलक लगाना शुभ माना जाता है। कई व्यापारी और कारोबारी इस उपाय को अपनाते हैं। मान्यता है कि इससे धन की बरकत बनी रहती है और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण पाने में मदद मिल सकती है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

इसके अलावा स्नान के पानी में थोड़ी मात्रा में केसर मिलाने की भी परंपरा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार यह उपाय मानसिक तनाव कम करने और मन को शांत रखने में सहायक माना जाता है। कई लोग महत्वपूर्ण कार्य, इंटरव्यू या शुभ अवसर से पहले भी इस उपाय को अपनाते हैं।

हालांकि ये सभी उपाय धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं पर आधारित हैं तथा इनके प्रभाव का कोई वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। फिर भी आस्था रखने वाले लोग इन्हें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाने के माध्यम के रूप में देखते हैं।

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8 .00 से दोपहर 01 .30 बजे तक और शाम 4 .00 से रात 9 .00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष राशिः** कल आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। परिवार का सहयोग बना रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच–समझकर निर्णय लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृषभ राशिः** कल धैर्य और संयम से काम लेना लाभदायक रहेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**मिथुन राशिः** कल का दिन नई योजनाओं के लिए अनुकूल रहेगा। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**कर्क राशिः** कल भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के संकेत हैं।

**सिंह राशिः** कल नेतृत्व क्षमता का लाभ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में प्रगति के अवसर बनेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा। निवेश संबंधी निर्णय सोच–समझकर लें।

**कन्या राशिः** आज मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। लंबे समय से रुका कार्य पूरा हो सकता है। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**तुला राशिः** कल संतुलित व्यवहार आपको सफलता दिलाएगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं सामने आएंगी। परिवार के साथ संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः** कल चुनौतियों का सामना धैर्यपूर्वक करें। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**धनु राशिः** कल भाग्य का साथ मिलने से कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में खुशहाली रहेगी। मित्रों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशिः** कल योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर लाभ मिलेगा। नौकरी में उन्नति के अवसर बन सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुंभ राशिः** कल रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन राशिः** कल सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ाएगी। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ के योग हैं। परिवार का सहयोग बना रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

# सुबह हथेली दर्शन से शुरू करें दिन की शुरुआत

**यूनिक समय, मथुरा।** आधुनिक जीवनशैली में जहां अधिकांश लोग सुबह आंख खुलते ही मोबाइल फोन देखने लगते हैं, वहीं भारतीय परंपरा में दिन की शुरुआत हथेली दर्शन और ईश्वर स्मरण से करने की सलाह दी गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह आदत सकारात्मक ऊर्जा और शुभ विचारों को बढ़ावा देती है।

धर्माचार्यों के अनुसार सुबह उठते ही सबसे पहले दोनों हाथों को आपस में रगड़कर हथेलियों का दर्शन करना चाहिए। मान्यता है कि हथेलियों में मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान विष्णु का वास होता है। इसलिए दिन की शुरुआत हथेली देखकर करने से मन में सकारात्मकता और आत्मविश्वास का संचार होता है।



विशेषज्ञ बताते हैं कि ब्रह्म मुहूर्त में जागना स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए लाभकारी माना गया है। इस समय वातावरण अपेक्षाकृत शांत और ऊर्जा से भरपूर होता है। ऐसे में ईश्वर का स्मरण, ध्यान या प्रार्थना करने से मन एकाग्र रहता है और पूरे दिन कार्यों में उत्साह बना रहता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार हथेली दर्शन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन और अच्छे संस्कारों को अपनाने का माध्यम भी है। बुजुर्ग अक्सर बच्चों को यह आदत सिखाने पर जोर देते हैं ताकि वे दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच के साथ करें। इसके साथ ही सुबह उठकर धरती माता को प्रणाम करने की परंपरा भी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि पृथ्वी से क्षमा मांगकर दिन की शुरुआत करना विनम्रता और कृतज्ञता का प्रतीक है। हालांकि इन मान्यताओं का कोई प्रत्यक्ष वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों और आत्मविश्वास के साथ करने से मानसिक संतुलन बेहतर रहता है। यही कारण है कि आज भी कई परिवारों में सुबह उठकर हथेली दर्शन और ईश्वर स्मरण की परंपरा को महत्व दिया जाता है।

# गर्म तवे पर पानी डालना,बदल सकता है घर का माहौल

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय घरों की रसोई केवल खाना बनाने की जगह नहीं मानी जाती, बल्कि इसे परिवार की सुख–समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र भी माना जाता है। इसी कारण रसोई से जुड़ी कई परंपराएं और मान्यताएं पीढ़ियों से चली आ रही हैं। ऐसी ही एक मान्यता गर्म तवे पर ठंडा पानी डालने को लेकर भी है, जिसे ज्योतिष और वास्तु शास्त्र में शुभ नहीं माना गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार रसोई का संबंध अग्नि तत्व से माना जाता है। अग्नि ऊर्जा, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। मान्यता है कि जब बहुत गर्म तवे पर अचानक ठंडा पानी डाला जाता है तो अग्नि और जल तत्व के बीच असंतुलन पैदा होता है। इससे घर के वातावरण और ऊर्जा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।



पारंपरिक मान्यताओं में यह भी कहा जाता है कि गर्म तवे पर पानी डालने से उठने वाली तेज आवाज और भाप आर्थिक अस्थिरता का संकेत मानी जाती है। कुछ ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि ऐसी आदतें अनावश्यक खर्च बढ़ाने और धन संचय में बाधा उत्पन्न करने का कारण बन सकती हैं। हालांकि इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, लेकिन कई परिवार आज भी इन मान्यताओं का पालन करते हैं।

धार्मिक दृष्टिकोण से रसोई को परिवार की खुशहाली से भी जोड़ा जाता है। माना जाता है कि अग्नि तत्व के असंतुलित होने से घर के सदस्यों के बीच तनाव, मतभेद और छोटी–छोटी बातों पर विवाद बढ़ सकते हैं। इसी कारण बुजुर्ग अक्सर भोजन बनाने के बाद तवे को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने देने की सलाह देते हैं।

वास्तु शास्त्र में भी रसोई की पवित्रता और संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया गया है। मान्यता है कि गर्म तवे पर ठंडा पानी डालने से उत्पन्न ध्वनि और भाप नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकती है। इसलिए रसोई में संयम और सावधानी बरतना शुभ माना जाता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भोजन बनाने के बाद तवे को कुछ समय तक ठंडा होने देना बेहतर होता है। इससे न केवल पारंपरिक मान्यताओं का सम्मान होता है, बल्कि बर्तनों की उम्र भी बढ़ती है। हालांकि यह पूरी तरह धार्मिक और सांस्कृतिक विश्वासों पर आधारित मान्यता है, लेकिन आज भी देश के अनेक घरों में इसे महत्व दिया जाता है। माना जाता है कि छोटी–छोटी सावधानियां घर में शांति, सकारात्मकता और समृद्धि बनाए रखने में सहायक हो सकती हैं।

## सम्पादकीय

# यमुना रोई चुपचाप, आस्था करती रही इंतजार

मथुरा और वृंदावन की पहचान यमुना से है। श्रीकृष्ण की लीलाओं की साक्षी रही यह नदी आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। विडंबना यह है कि जिस यमुना को करोड़ों लोग मां मानकर पूजते हैं, उसी के जल में गंदगी, सीवर और कचरे का अर्पण भी पूरे श्रद्धाभाव से किया जा रहा है। यमुना के घाटों पर सुबह-शाम आरती होती है। घंटियां बजती हैं, दीप जलते हैं और नदी को स्वच्छ रखने के संकल्प भी लिए जाते हैं। लेकिन आरती समाप्त होते ही संकल्प भी धुएं की तरह हवा में उड़ जाता है। दूसरी ओर नालों का गंदा पानी बिना किसी संकोच के यमुना में समर्पित कर दिया जाता है। लगता है कि प्रदूषण फैलाने वालों ने भी इसे अपनी धार्मिक जिम्मेदारी मान लिया है।



पवन गौतम
संपादक

सरकारी विभागों की स्थिति भी कम रोचक नहीं है। जब-जब कोई जांच होती है, तब-तब फाइलों में यमुना पहले से ज्यादा साफ दिखाई देने लगती है। कागजों पर सफाई अभियान ऐसे दौड़ते हैं जैसे यमुना का जल गंगा से भी निर्मल हो गया हो। धरातल पर पहुंचिए तो नदी खुद अपनी हालत का बयान करती नजर आती है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आस्था केवल पूजा-पाठ तक सीमित है? यदि हम वास्तव में यमुना को मां मानते हैं तो उसके जल को प्रदूषित करने का अधिकार किसने दिया? घर में मां के कमरे में कूड़ा नहीं फेंका जाता, फिर यमुना में क्यों?

स्कैन करें
संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

यमुना की दुर्दशा केवल पर्यावरण का संकट नहीं, बल्कि हमारी सोच का आईना भी है। हम विकास चाहते हैं, पर्यटन बढ़ाना चाहते हैं और धार्मिक नगरी को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना चाहते हैं, लेकिन नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं।

अब समय केवल योजनाएं बनाने का नहीं, उन्हें जमीन पर उतारने का है। प्रशासन को सख्ती दिखानी होगी और समाज को जिम्मेदारी निभानी होगी।

अन्यथा आने वाली पीढ़ियां किताबों में पढ़ेंगी कि कभी मथुरा में एक यमुना बहती थी, जिसके किनारे कृष्ण बांसुरी बजाते थे।

यमुना को बचाना केवल नदी बचाना नहीं, बल्कि मथुरा की आत्मा, संस्कृति और आस्था को बचाना है। यदि अब भी हम नहीं जागे, तो इतिहास यही लिखेगा कि यमुना प्रदूषण से नहीं, बल्कि लोगों की उदासीनता से मरी थी।

## नजरिया

### आरबीआई का नया नियम

# अच्छा सिबिल स्कोर बनेगा कर्ज की चाबी

राम प्रकाश अग्रवाल




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए नए ईसीएल नियम भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत हैं। ये नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू होने जा रहे हैं और इनका सीधा प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों तथा करोड़ों कर्जदारों पर पड़ने वाला है। पहली नजर में यह बदलाव केवल बैंकिंग क्षेत्र का तकनीकी सुधार लग सकता है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव आम लोगों की जेब, उनकी ऋण लेने की क्षमता और वित्तीय भविष्य पर दिखाई देंगे। यही कारण है कि इन नियमों को लेकर बैंकिंग जगत से लेकर आम ग्राहकों तक चर्चा तेज हो गई है।

अब तक भारतीय बैंकिंग प्रणाली में ऋण के डूबने या खराब होने के बाद उसके लिए प्रावधान किया जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो जब किसी ग्राहक की ऋण चुकाने की स्थिति खराब होने लगती थी या ऋण एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) बन जाता था, तब बैंक उसके नुकसान की भरपाई के लिए रकम अलग रखते थे। लेकिन नए ईसीएल मॉडल में बैंक भविष्य के संभावित जोखिम का आकलन पहले ही करेंगे और उसी आधार पर प्रावधान बनाना शुरू कर देंगे। इसका मतलब यह है कि बैंक अब केवल वर्तमान स्थिति नहीं देखेंगे, बल्कि यह भी आंकेंगे कि भविष्य में कौन-सा ऋण जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। सामान्य भाषा में समझें तो पहले बैंक दुर्घटना होने के बाद इलाज की तैयारी करते थे, जबकि अब दुर्घटना की आशंका होते ही सुरक्षा इंतजाम मजबूत करेंगे। यह दृष्टिकोण बैंकिंग व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दुनिया के कई विकसित देशों में इस प्रकार का मॉडल पहले से लागू है और अब भारत भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।

हालांकि बैंकिंग प्रणाली की मजबूती के दृष्टिकोण से यह निर्णय सकारात्मक माना जा सकता है, लेकिन आम कर्जदारों के लिए इसके कई व्यावहारिक प्रभाव सामने आ सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नए नियम लागू होने के बाद बैंक ऋण वितरण के मामले में पहले की तुलना में अधिक सतर्क हो जाएंगे। विशेष रूप से उन ग्राहकों को ऋण मिलने में कठिनाई आ सकती है जिनका क्रेडिट स्कोर कमजोर है या जिनकी आय स्थिर नहीं मानी जाती। आज के समय में सिबिल स्कोर किसी व्यक्ति की वित्तीय विश्वसनीयता का सबसे बड़ा पैमाना बन चुका है। यदि किसी ग्राहक का सिबिल स्कोर 750 या उससे अधिक है तो उसे बैंक अपेक्षाकृत सुरक्षित ग्राहक मानते हैं। लेकिन जिन लोगों का स्कोर 700 या 730 से नीचे है, उन्हें भविष्य में अधिक जांच-परख का सामना करना पड़ सकता है। नए ईसीएल नियमों के बाद बैंक ऐसे ग्राहकों को जोखिम की श्रेणी में रखकर अतिरिक्त प्रावधान करेंगे, जिससे ऋण देना उनके लिए महंगा पड़ सकता है। परिणामस्वरूप या तो ऋण मंजूरी कठिन हो सकती है या ब्याज दरें अधिक लग सकती हैं। सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग और युवा नौकरीपेशा लोगों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। आज बड़ी संख्या में युवा अपने करियर की शुरुआत में होम लोन, वाहन ऋण या शिक्षा ऋण लेते हैं। कई बार उनके पास लंबा क्रेडिट इतिहास नहीं होता, जिसके कारण उनका क्रेडिट प्रोफाइल उतना मजबूत नहीं दिखता। ऐसे लोगों को बैंक अधिक जोखिमपूर्ण श्रेणी में रख सकते हैं। इससे उनके लिए वित्तीय संसाधनों तक पहुंच प्रभावित हो सकती है। दूसरी ओर, इस बदलाव का एक सकारात्मक पहलू भी है। यदि ग्राहक समय पर अपनी ईएमआई जमा करते हैं, क्रेडिट कार्ड का सही उपयोग करते हैं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हैं, तो उन्हें भविष्य में बेहतर लाभ मिल सकते हैं। बैंक ऐसे ग्राहकों को कम जोखिम वाला मानेंगे और उन्हें ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। इस प्रकार नए नियम अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देंगे।

छोटे व्यापारियों और सूक्ष्म उद्यमियों के लिए भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा छोटे कारोबारों पर आधारित है। इनमें से अनेक उद्यमियों के पास औपचारिक वित्तीय रिकॉर्ड सीमित होते हैं। यदि बैंक जोखिम आकलन को अधिक सख्ती से लागू करते हैं, तो छोटे कारोबारियों के लिए ऋण प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऐसे में सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया प्रभावित न हो। बैंकों के दृष्टिकोण से देखें तो ईसीएल मॉडल कई फायदे लेकर आएगा। यह उन्हें संभावित जोखिमों की पहचान पहले से करने में मदद करेगा। भविष्य में यदि आर्थिक मंदी, रोजगार संकट या किसी क्षेत्र विशेष में वित्तीय समस्या पैदा होती है तो बैंक उसके लिए पहले से तैयार रहेंगे। इससे बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता बढ़ेगी और बड़े पैमाने पर एनपीए बनने की आशंका कम होगी। पिछले वर्षों में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने एनपीए की समस्या से काफी संघर्ष किया है। इसलिए आरबीआई का यह कदम भविष्य की चुनौतियों से निपटने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठता है। क्या अत्यधिक सतर्कता आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है? यदि बैंक जोखिम के डर से ऋण वितरण कम कर देते हैं, तो उपभोक्ता खर्च, आवास क्षेत्र, वाहन उद्योग और छोटे व्यवसायों की वृद्धि पर असर पड़ सकता है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था में ऋण आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण इंजन है। इसलिए संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा। आम नागरिकों के लिए इस बदलाव का सबसे बड़ा संदेश स्पष्ट है-अब वित्तीय अनुशासन विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुका है। समय पर ईएमआई का भुगतान, क्रेडिट कार्ड बिलों का निपटान, अनावश्यक ऋण से बचाव और स्वस्थ क्रेडिट इतिहास बनाए रखना पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। जो लोग अपनी वित्तीय आदतों को व्यवस्थित रखेंगे, वे भविष्य में बैंकिंग सुविधाओं का बेहतर लाभ उठा सकेंगे। सरकार और वित्तीय संस्थानों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि नए नियमों के कारण ईमानदार और जरूरतमंद ग्राहकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। वित्तीय जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सिबिल स्कोर, ऋण प्रबंधन और क्रेडिट अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। यदि लोग समय रहते इन बातों को समझ लें, तो वे नए बैंकिंग वातावरण में आसानी से खुद को ढाल सकते हैं। अंततः आरबीआई के नए ईसीएल नियम भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को अधिक मजबूत, पारदर्शी और भविष्य के जोखिमों के प्रति सजग बनाने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम हैं। हालांकि इसके कारण ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया कुछ हद तक सख्त हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह बैंकिंग प्रणाली और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। आम कर्जदारों के लिए यह बदलाव एक चेतावनी भी है और अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि वित्तीय अनुशासन की अनदेखी अब महंगी पड़ सकती है, और अवसर इसलिए कि अच्छी क्रेडिट आदतें रखने वाले ग्राहकों को भविष्य में अधिक भरोसेमंद और आकर्षक वित्तीय सुविधाएं मिल सकती हैं। आने वाले समय में बैंक और ग्राहक दोनों को इस नए दौर के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा, क्योंकि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था अब जोखिम के बाद नहीं, बल्कि जोखिम आने से पहले ही सतर्क रहने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## विचार पिण्डो

# राम के नाम पर राजनीति, सच खोजता जनमानस

बोध प्रकाश सगुणी

अयोध्या का राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भावनाओं का केंद्र है। ऐसे में जब मंदिर के चढ़ावे में करोड़ों रुपए की कथित चोरी का आरोप सामने आता है, तो स्वाभाविक रूप से देशभर में चर्चा छिड़ जाती है। उससे भी अधिक रोचक तब हो जाता है जब आरोपों और सफाइयों का दौर शुरू होता है और जनता यह तय नहीं कर पाती कि वह समाचार देख रही है, राजनीतिक बहस सुन रही है या किसी रहस्य-रोमांच धारावाहिक का नया एपिसोड।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों रुपए की रकम गायब है। उन्होंने सरकार की चुप्पी को संदिग्ध बताते हुए न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने की मांग कर डाली।

दूसरी ओर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि नियमित ऑडिट चल रहा है और अभी तक किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

सवाल यह है कि आखिर जनता किसकी बात पर विश्वास करे? एक तरफ आरोप हैं, दूसरी तरफ खंडन है। बीच में खड़ा आम श्रद्धालु सोच रहा है कि भगवान राम के दरबार में भी अब राजनीति की एंट्री वीआईपी पास लेकर हो गई है क्या?

भारतीय राजनीति की एक दिलचस्प परंपरा रही है। चुनाव हो तो राम याद आते हैं, चुनाव खत्म हो जाए तो राम के नाम पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो जाते हैं। कभी मंदिर निर्माण पर बहस होती है, कभी जमीन खरीद पर, तो कभी चढ़ावे पर। ऐसा लगता है कि राम मंदिर अब केवल श्रद्धा का केंद्र नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक बयानबाजी का स्थायी मंच भी बन चुका है।

विडंबना यह है कि जिन नेताओं को वर्षों तक मंदिर आंदोलन से कोई विशेष लगाव नहीं दिखा, वे भी आज मंदिर के हिसाब-किताब के सबसे बड़े प्रहरी बन गए हैं।



वहीं मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग हर आरोप को राजनीतिक साजिश बताकर खारिज कर देते हैं। दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों के साथ मैदान में हैं, लेकिन जनता अभी भी उत्तर की प्रतीक्षा कर रही है।

यह भी सच है कि यदि करोड़ों रुपए की चोरी हुई है तो यह अत्यंत गंभीर मामला है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन यदि आरोप निराधार हैं, तो बिना पर्याप्त प्रमाण के इस प्रकार के आरोप लगाना भी आस्था को आहत करने जैसा है। लोकतंत्र में सवाल पूछना अधिकार है, लेकिन सवालों की नींव तथ्यों पर होनी चाहिए, केवल राजनीतिक संभावना पर नहीं।

इस पूरे प्रकरण का सबसे दिलचस्प पहलू "चुप्पी" बन गई है।

आरोप लगाने वाले कह रहे हैं कि सरकार चुप है। सफाई देने वाले कह रहे हैं कि जांच चल रही है। जनता कह रही है कि कोई साफ-साफ बताए कि मामला क्या है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे हर पक्ष दूसरे की चुप्पी को अपने पक्ष का सबसे बड़ा सबूत मान रहा हो।

राम मंदिर में चढ़ावे की व्यवस्था तकनीकी रूप से काफी व्यवस्थित बताई जाती है। बैंक कर्मचारी, सीसीटीवी निगरानी, ऑडिट प्रक्रिया और डिजिटल रिकॉर्डिंग जैसी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। यदि ऐसा है तो फिर सच सामने आने में अधिक समय नहीं लगना चाहिए। आंकड़े, रिकॉर्ड और वीडियो फुटेज किसी भी भ्रम को दूर कर सकते हैं। आखिर गणित और कैमरे की अपनी राजनीति नहीं होती।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि ऐसे विवादों से मंदिर की छवि पर असर पड़ता है। राम मंदिर किसी दल, संगठन या व्यक्ति की संपत्ति नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं का प्रतीक है। इसलिए इससे जुड़े हर आरोप और हर सफाई को अत्यंत जिम्मेदारी के साथ रखा जाना चाहिए।

राजनीति का दुर्भाग्य यह है कि वह अक्सर वहां भी प्रवेश कर जाती है जहां केवल विश्वास होना चाहिए। लेकिन लोकतंत्र की खूबी यह है कि अंततः सच सामने आने की संभावना बनी रहती है। इसलिए इस मामले में भी आवश्यक है कि जांच पूरी पारदर्शिता से हो, तथ्य सार्वजनिक किए जाएं और भ्रम की स्थिति समाप्त की जाए।

भगवान राम मर्यादा के प्रतीक माने जाते हैं। उनके नाम पर चलने वाली किसी भी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही मर्यादित और स्पष्ट होनी चाहिए। जनता को न आरोपों का धुआं चाहिए और न सफाइयों का कोहरा। उसे केवल सच चाहिए।

क्योंकि राम मंदिर में सबसे बड़ा चढ़ावा धन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों का विश्वास है। और यदि विश्वास की रक्षा हो गई, तो न आरोप टिकेंगे और न राजनीति की आंधियां। लेकिन यदि विश्वास ही डगमगा गया, तो फिर कोई ऑडिट रिपोर्ट उसे पूरी तरह वापस नहीं ला पाएगी।

### टेस्ट मैच में भारत ने रचा इतिहास

# अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराकर दर्ज की जीत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली है। भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने आठ साल पुराना अपना रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया।

यह मुकाबला शनिवार से शुरू हुआ था और तीसरे दिन ही समाप्त हो गया। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया। भारत की यह जीत टेस्ट क्रिकेट में रन अंतर के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी जीत बन गई है।

इससे पहले भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत वर्ष 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आई थी, जब टीम ने राजकोट में खेले गए मुकाबले में पारी और 272 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, अफगानिस्तान के खिलाफ भी भारत ने 2018 में बेंगलुरु टेस्ट में पारी और 262 रन से जीत हासिल की थी। अब पारी और 300 रन की जीत के साथ टीम इंडिया ने नया इतिहास रच दिया है।

मैच में भारत ने पहली पारी में आठ विकेट पर 564 रन बनाकर पारी घोषित की। कप्तान शुभमन गिल और उपकप्तान केएल राहुल ने शानदार शतक लगाए, जबकि ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारतीय बल्लेबाजों के सामने अफगानिस्तान के गेंदबाज बेअसर नजर आए।

जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी मात्र 152 रन पर सिमट गई। भारत ने फॉलोऑन दिया, लेकिन दूसरी पारी में भी अफगान बल्लेबाज संघर्ष करते दिखाई दिए और पूरी टीम सिर्फ 112 रन पर आउट हो गई। दिलचस्प बात यह रही कि अफगानिस्तान दोनों पारियों को मिलाकर भी भारत की पहली पारी के स्कोर तक नहीं पहुंच सका।

गेंदबाजी में डेब्यू कर रहे युवा स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट झटके। प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि वॉशिंगटन सुंदर को एक सफलता मिली। दूसरी पारी में सुंदर ने चार विकेट लेकर अफगान बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए, जबकि मानव सुथार और मोहम्मद सिराज को भी एक-एक विकेट मिला।






# हरियाणवी लोक गायक पेप्सी शर्मा का 38 वर्ष की उम्र में निधन


हार्ट अटैक से गई जान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणवी लोक संगीत जगत के लोकप्रिय रागनी गायक और मंच कलाकार पेप्सी शर्मा का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के संगीत प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार के अनुसार, सीने में अचानक तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पेप्सी शर्मा, जिनका वास्तविक नाम यशपाल शर्मा था, गाजियाबाद के पटला गांव के निवासी थे। उन्होंने अपनी अनोखी गायकी, हास्य शैली और दमदार मंचीय प्रस्तुतियों के दम पर लोक संगीत की दुनिया में विशेष पहचान बनाई थी। रागनी कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र होती थी और उनकी प्रस्तुति पर लोग घंटों तक झूमते नजर आते थे। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि अपनी रागनी और लोक कला के माध्यम से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले कलाकार का निधन बेहद दुखद है। पार्टी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पेप्सी शर्मा हरियाणा में आयोजित होने वाले रागनी प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक आयोजनों का चर्चित चेहरा थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग, दर्शकों से संवाद करने का अंदाज और मंच पर ऊर्जा से भरपूर प्रदर्शन उन्हें अन्य कलाकारों से अलग बनाता था। उनका नागिन डांस भी काफी लोकप्रिय रहा, जिसके वीडियो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर करोड़ों बार देखे गए। उन्होंने कई अवसरों पर प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार सपना चौधरी के साथ मंच साझा किया था। उनके कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी मंचों तक भरपूर सराहना मिली। बताया जाता है कि उन्होंने कई बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में भी प्रस्तुति दी थी, जहां उनके प्रदर्शन को खूब सराहा गया।

# 11 जून को रिलीज होगा 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर






**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर 11 जून को रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का ट्रेलर करीब तीन मिनट लंबा होगा, जिसमें दर्शकों को भरपूर कॉमेडी, मजेदार संवाद और कई मनोरंजक दृश्य देखने को मिलेंगे। मेकर्स का दावा है कि ट्रेलर फिल्म की झलक देने के साथ-साथ दर्शकों को हंसाने में भी सफल रहेगा। ट्रेलर लॉन्च के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट एक साथ नजर आएगी। इस मौके पर अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल समेत कई कलाकारों की मौजूदगी रहने की संभावना है। खास बात यह है कि ट्रेलर में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। दर्शकों को लंबे समय बाद एक बार फिर इन तीनों कलाकारों की कॉमिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के साथ ही इसके प्रमोशनल अभियान की भी आधिकारिक शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद स्टार कास्ट विभिन्न शहरों में जाकर फिल्म का प्रचार करती नजर आएगी।

इससे पहले फिल्म का टीजर 15 मई को जारी किया गया था, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, मेकर्स अब तक फिल्म के तीन गाने भी रिलीज कर चुके हैं। इनमें

## प्रमोशन की होगी भव्य शुरुआत

टाइटल ट्रैक, भोजपुरी अंदाज वाला गीत 'घिस घिस घिस' और लोकप्रिय गाने 'ऊंचा लंबा कद' का नया संस्करण शामिल है। इन गीतों को सोशल मीडिया और म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार के अलावा परेश रावल, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी और कई अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म से दर्शकों को भरपूर मनोरंजन और हास्य का डोज मिलने की उम्मीद है। फिलहाल फैंस की नजरें 11 जून पर टिकी हैं, जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा और दर्शकों को इस बहुप्रतीक्षित कॉमेडी एंटरटेनर की पहली विस्तृत झलक देखने को मिलेगी।

# नई पीढ़ी को जैकी श्रॉफ की सलाह 'तनाव कम लें, सेहत अच्छी है तो जिंदगी है आसान'

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ ने नई पीढ़ी को जीवन और स्वास्थ्य को लेकर अहम संदेश दिया है। अपने बेबाक और सहज अंदाज के लिए मशहूर अभिनेता ने युवाओं से अनावश्यक तनाव से दूर रहने और सेहत को सबसे बड़ी प्राथमिकता देने की अपील की है। उनका मानना है कि यदि स्वास्थ्य अच्छा है, तो जीवन की अधिकांश चुनौतियों का सामना आसानी से किया जा सकता है। जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रांड सुपरहीरो: एलियंस का आगमन' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी सिलसिले में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी पर पढ़ाई, नौकरी, परिवार, आर्थिक स्थिति और भविष्य को लेकर कई तरह के दबाव हैं, लेकिन इन सबके बीच स्वास्थ्य का ध्यान रखना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा, "उदास मत हो, ज्यादा तनाव मत लो। मां-बाप की उम्मीदों का दबाव, पढ़ाई का दबाव, काम का दबाव, पैसे का दबाव या दुनिया की बातें-इन सबको अपने ऊपर हावी मत होने दो। जब तक स्वास्थ्य ठीक है, तब तक सब ठीक है। जिस दिन सेहत खराब हुई, मुश्किलें बढ़ जाती हैं।"

जैकी श्रॉफ ने अपने चिर-परिचित अंदाज में यह भी कहा कि जीवन का अंत एक सच्चाई है, इसलिए हर समय चिंता में डूबे रहने का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने लोगों को आत्म-दया से बचने और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की सलाह दी। उनके मुताबिक, जीवन को बोझ नहीं बल्कि एक अवसर की तरह जीना चाहिए।

अभिनेता ने अपने करियर का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कभी फिल्मी दुनिया में आने की योजना नहीं बनाई थी। शुरुआती दिनों में वह एक कंपनी में अकाउंटेंट के तौर पर काम करते थे। इसी दौरान उन्हें मॉडलिंग का मौका मिला और यहीं से उनकी जिंदगी ने नया मोड़ लिया। बाद में फिल्म 'हीरो' से उन्हें बड़ी पहचान मिली और वह हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय सितारों में शामिल हो गए।

# बल्ले के बाद गेंद से भी चमके वॉशिंगटन सुंदर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले में ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सुंदर ने पहले बल्ले से अहम अर्धशतक जड़ा और इसके बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन ने भारतीय टीम की स्थिति और मजबूत कर दी है।

मैच में भारत की पहली पारी के दौरान वॉशिंगटन सुंदर ने निचले क्रम में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 68 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल रहा। सुंदर की इस उपयोगी पारी की बदौलत भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। उनके अर्धशतक पूरा करते ही कप्तान शुभमन गिल ने पारी घोषित करने का फैसला किया और सुंदर नाबाद पवेलियन लौटे।

बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी सुंदर ने अपनी उपयोगिता साबित की। अफगानिस्तान की पहली पारी में उन्होंने किफायती गेंदबाजी करते हुए 6.4 ओवर में 21 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस दौरान उन्होंने एक मेडन ओवर भी फेंका। भारतीय गेंदबाजों के सामने अफगानिस्तान की पूरी टीम केवल 152 रन पर सिमट गई, जिसके बाद उसे फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने जैसे ही पहला विकेट हासिल किया, उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए। यह उपलब्धि उन्होंने केवल 46 प्रथम श्रेणी मैचों में हासिल की है। सुंदर अब तक 17 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और टेस्ट क्रिकेट में 36 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। बल्लेबाजी में भी उनके नाम एक शतक और पांच अर्धशतक दर्ज हैं।

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पूरे किए 100 विकेट

दूसरी पारी में भी अफगानिस्तान की बल्लेबाजी संघर्ष करती नजर आई। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा और शुरुआती विकेट हासिल कर विपक्षी टीम को मुश्किल में डाल दिया। दूसरी पारी में सुंदर ने भी अहम विकेट लेकर टीम की बढ़त मजबूत की। इस मैच में डेब्यू कर रहे स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में छह विकेट लेकर प्रभावित किया, जबकि दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी सटीक गेंदबाजी से अफगान बल्लेबाजों को परेशान किया। अफगानिस्तान अभी भी भारत के स्कोर से काफी पीछे है और भारतीय टीम के पास मुकाबला पारी और बड़े अंतर से जीतने का सुनहरा अवसर है। सुंदर का यह प्रदर्शन टीम इंडिया के लिए बेहद सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

## राम मंदिर चढ़ावे पर घमासान

# आरोपों से गरमाई सियासत

**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की राशि में करोड़ों रुपये की कथित गड़बड़ी के दावे को लेकर राजनीतिक और धार्मिक गलियारों में बहस तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने दावा किया कि मंदिर के चढ़ावे में 5 से 7 करोड़ रुपये तक की हेराफेरी हुई है। इसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी मामले की निष्पक्ष जांच और न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की।

इस विवाद पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आगरा में तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब रक्षक की जिम्मेदारी गलत लोगों को सौंप दी जाती है तो ऐसी घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने मंदिर प्रबंधन व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

वहीं उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मंदिर प्रशासन इस



विषय पर उचित जवाब देगा। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक बयानबाजी के आधार पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्पष्ट किया कि ट्रस्ट में नियमित आंतरिक लेखा परीक्षण होता है और अब तक किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक और ट्रस्ट के प्रतिनिधि मिलकर लेखा परीक्षण की प्रक्रिया पूरी करते हैं।

मामले पर संत समाज भी बंटा नजर आया। कुछ संतों ने आरोपों को निराधार बताया, जबकि कुछ ने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ट्रस्ट की बैठक बुलाकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस बीच विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रिया दी है।

फिलहाल किसी भी जांच एजेंसी या ट्रस्ट की ओर से चोरी की पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में सभी की नजर संभावित जांच और आधिकारिक रिपोर्ट पर टिकी हुई है, जिससे पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सके।

### चोरी के दावे पर बढ़ा राजनीतिक विवाद

### संतों और नेताओं की आई प्रतिक्रिया

### शंकराचार्य बोले-चोर को रक्षक बनाते

### भाजपा नेताओं ने आरोपों से किया इनकार

## सटीक मौसम पूर्वानुमान से टली बड़ी जनहानि: योगी

### शांकुबरी मंदिर में समय पर मिला अलर्ट

### तकनीक ने बचाई सैकड़ों लोगों की जान





**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधुनिक तकनीक और मौसम विज्ञान की प्रगति ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया है। उन्होंने बताया कि अब मौसम संबंधी पूर्वानुमान पहले की तुलना में कहीं अधिक सटीक हो गए हैं, जिससे समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकता है।

लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के शांकुबरी मंदिर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कीर्तन कर रहे थे। इसी दौरान मौसम विभाग ने भारी बारिश का सटीक अलर्ट जारी किया। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जिससे संभावित जनहानि टल गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले शिवालिक क्षेत्र में अचानक होने वाली तेज बारिश नीचे के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर देती थी, जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। अब मौसम विभाग की उन्नत तकनीक और सटीक चेतावनी प्रणाली के कारण ऐसी घटनाओं से बचाव संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में तकनीक आधारित सेवाओं को मजबूत किया गया है। आधुनिक मौसम पूर्वानुमान प्रणाली किसानों, यात्रियों और आम नागरिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है तथा जन-धन की हानि को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा में सख्त चेकिंग जारी

# चेकिंग में महिलाओं के जूड़े खुलवाए





**यूनिक समय, लखनऊ।** प्रदेश में 32,679 पदों पर चल रही यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कड़े इंतजाम किए गए। तीन दिवसीय इस परीक्षा में करीब 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं, जो प्रदेश के 75 जिलों में बनाए गए 1183 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दे रहे हैं।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सख्त चेकिंग की गई। एडमिट कार्ड जांच के साथ-साथ बायोमेट्रिक व रेटिना स्कैन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया। कई जिलों में सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी रही कि जूते-मोजे तक उतरवाए गए, महिलाओं के जूड़े खोलकर जांच की गई और चश्मे व गहनों को भी हटवाया गया। कुछ स्थानों पर दाढ़ी और बालों की भी बारीकी से जांच की गई ताकि किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग रोका जा सके।

झांसी, सहारनपुर, जौनपुर, कानपुर और सोनभद्र सहित कई जिलों में यह सख्त चेकिंग देखने को मिली। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा को नकल-मुक्त और निष्पक्ष बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

### लाखों अभ्यर्थी प्रदेश भर में शामिल

### अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच जारी

परीक्षा पैटर्न की बात करें तो लिखित परीक्षा 300 अंकों की है, जिसमें 150 प्रश्न पूछे जा रहे हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। इस बार परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं रखी गई है, जिससे अभ्यर्थियों को राहत मिली है। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवार ही अगले चरण यानी फिजिकल टेस्ट में शामिल हो सकेंगे।

फिजिकल टेस्ट में पुरुष अभ्यर्थियों को 4.8 किलोमीटर की दौड़ 25 मिनट में और महिला अभ्यर्थियों को 2.4 किलोमीटर की दौड़ 14 मिनट में पूरी करनी होगी।

अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया मिश्रित रही। कुछ ने गणित को कठिन बताया तो कुछ ने पेपर को संतुलित और सिलेबस आधारित कहा। कई उम्मीदवारों ने परीक्षा व्यवस्था को बेहतर बताया, जबकि कुछ ने ओएमआर और समय प्रबंधन को लेकर शिकायत भी की।

## होटल संचालकों ने खोला मोर्चा, दी चेतावनी

**यूनिक समय,** अलीगढ़। स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई और कथित उत्पीड़न के विरोध में अलीगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों को अनावश्यक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानव महाजन ने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन करने के बावजूद केवल होटल उद्योग पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि अन्य संस्थानों में भी हादसे होते हैं, फिर कार्रवाई का केंद्र सिर्फ होटल और रेस्टोरेंट ही क्यों बनते हैं।

पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों पर अनावश्यक दबाव और अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने में परेशान करने के आरोप भी लगाए। उन्होंने सरकार से होटल उद्योग के लिए स्पष्ट और आधुनिक नीति लागू करने की मांग की।

एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज धीरज ने प्रत्येक जिले में होटल कारोबार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग रखी। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उत्पीड़न नहीं रुका और स्थायी समाधान नहीं निकला तो संचालक अपने प्रतिष्ठानों की चाबियां प्रशासन को सौंपकर आंदोलन शुरू करेंगे।

## 47 सीटों की बस में मिले 167 यात्री सवार



**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में परिवहन विभाग की जांच के दौरान एक स्लीपर बस में क्षमता से कई गुना अधिक यात्री मिलने पर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। 47 यात्रियों की क्षमता वाली बस में कुल 167 यात्री सफर करते पाए गए। इसके बाद बस को तत्काल सीज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बस बिहार के मुजफ्फरपुर से पंजाब के पटियाला जा रही थी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान अधिकारियों की नजर एक स्लीपर बस पर पड़ी, जिसकी छत पर भी बड़ी संख्या में यात्री बैठे दिखाई दिए। बस को रोककर जांच की गई तो अंदर और बाहर मिलाकर 167 यात्री मौजूद मिले। इतना ही नहीं, यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए आपातकालीन निकास मार्ग के पास भी बेंच लगाकर लोगों को बैठाया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि बस का अखिल भारतीय परमिट समाप्त हो चुका था। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी को बस से उतारा गया और वैकल्पिक व्यवस्था की गई। परिवहन विभाग ने नियमों के गंभीर उल्लंघन के चलते बस को सीज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि ओवरलोडिंग और सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### छत पर बैठाकर कराया जा रहा सफर

### जांच में बस को किया गया सीज

# जनता दर्शन में बेटी की पढ़ाई का सपना होगा पूरा



**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एक छात्रा की शिक्षा से जुड़ी समस्या ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। लखनऊ की एक छात्रा अपनी बुजुर्ग मां के साथ जनता दर्शन में पहुंची। छात्रा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसने इंटरमीडिएट परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है और वह बीटेक की पढ़ाई करना चाहती है, लेकिन आर्थिक तंगी उसके सपनों के आड़े आ रही है। मुख्यमंत्री ने छात्रा की अंकतालिका देखने के बाद उसे पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया और किसी अच्छे संस्थान में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली छात्र की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। जनता दर्शन में कई लोगों ने पुलिस की लापरवाही, भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़ी शिकायतें भी मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की नियमित निगरानी कर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए।

उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि पहले जिला और मंडल स्तर के अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि अधिकांश समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सके।

### मुख्यमंत्री ने दिलाया प्रवेश का भरोसा

### फरियादियों की समस्याओं पर दिए कार्रवाई के निर्देश

## महिला मारपीट मामले में पुलिस पर एफआईआर

**यूनिक समय, लखनऊ।** आगरा में महिला के साथ कथित मारपीट के मामले में पुलिसकर्मियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सिकंदरा थाने के तीन दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश अदालत ने दिए हैं। यह कार्रवाई गैर-जमानती वारंट पर की गई गिरफ्तारी के दौरान हुए कथित दुर्व्यवहार और मारपीट के आरोपों के बाद हुई है। मामले में आरोप है कि पुलिस ने रुनकता निवासी सीमा सिकरवार को गिरफ्तार करने के दौरान घर में तोड़फोड़ की और जरूरी दस्तावेज भी साथ ले गए। इसके बाद वाहन में महिला के साथ लात-घूंसों और बेल्ट से मारपीट किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए। मेडिकल रिपोर्ट में महिला के शरीर पर चोटों की पुष्टि हुई है, जिसमें आंख के नीचे काला निशान और अंदरूनी चोटें शामिल हैं। अदालत ने मेडिकल प्रपत्रों का अवलोकन करने के बाद मामले को गंभीर मानते हुए कार्रवाई के आदेश दिए। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दरोगा सुरजीत सिंह, चौकी प्रभारी नीलेश शर्मा, दो महिला दरोगा और एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। मामले की आगे जांच जारी है।

### एनडीए गठबंधन को समर्थन देने की तैयारी

# टीएमसी में बगावत, 20 सांसदों का समर्थन

यूनिक समय, नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर भारी असंतोष और बगावत की स्थिति बनती दिख रही है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा के करीब 20 से अधिक सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर अपनी राजनीतिक स्थिति को लेकर बड़ा संकेत दिया है।

बताया जा रहा है कि इन सांसदों ने अलग गुट बनाने या नए राजनीतिक मोर्चे की संभावना पर भी विचार किया है। इस घटनाक्रम ने टीएमसी के शीर्ष नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है, खासकर तब जब पार्टी पहले से ही अंदरूनी कलह से जूझ रही है।

सूत्रों के मुताबिक, इन सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने की इच्छा भी जताई है। उनका कहना है कि चुनावी परिस्थितियों और मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए वे भविष्य में एनडीए के साथ मिलकर आगे बढ़ना उचित मानते हैं। इस बीच दिल्ली में टीएमसी सांसदों की एक अनौपचारिक बैठक की भी खबर सामने आई है, जिसमें करीब 20 सांसदों के शामिल होने का दावा किया गया है। इसी बैठक के बाद स्पीकर को पत्र भेजे जाने की बात कही जा रही है। टीएमसी में यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है जब पार्टी पहले से ही पश्चिम बंगाल में विधायकों की नाराजगी और टूट की खबरों से परेशान है। इससे ममता लिए राजनीतिक चुनौती और बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में टीएमसी के कई सांसद शामिल हुए। इनमें शताब्दी रॉय, प्रसून बनर्जी, काकली घोष दस्तीदार, जून मालिया, जगदीश बसुनिया, कालीपदा सोरेन, अरूप चक्रवर्ती और शर्मिला सरकार जैसे नाम प्रमुख हैं। माना जा रहा है कि इनमें से कई नेता जल्द ही बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। इस बीच टीएमसी को एक और बड़ा झटका तब लगा जब राज्यसभा सांसद शुखेंदु शेखर रॉय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं, कोयल मलिक के भी अपना पद छोड़ने की चर्चा तेज हो गई है। इस्तीफे के बाद उनका बैठक में शामिल होना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।



### सांसदों ने स्पीकर को पत्र लिखा

### भूपेंद्र यादव संग हुई अहम बैठक

### कई सांसदों के बीजेपी जाने चर्चा

# काटजू ने लॉन्च की 'इश्क करो' पार्टी

यूनिक समय, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कण्डेय काटजू ने नई राजनीतिक-सामाजिक पहल "इश्क करो पार्टी" शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है।

काटजू का कहना है कि यह पहल केवल प्रेम या मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज की गंभीर समस्याओं जैसे गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, महंगी शिक्षा और कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ लोगों को एकजुट करना है। उनके अनुसार, देश में जाति और धर्म के आधार पर बढ़ती दूरियों को कम करने के लिए सामाजिक एकता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आज समाज में नफरत और विभाजन की राजनीति हावी है, जिसे खत्म करने के लिए लोगों के बीच आपसी समझ और भाईचारे को बढ़ावा देना आवश्यक है। "इश्क करो पार्टी" इसी सोच को आगे बढ़ाने का प्रयास है।



### कॉकरोच जनता पार्टी पर तंज कसा

### सदस्यता अभियान और संदेश जारी किया

इसी दौरान उन्होंने "कॉकरोच जनता पार्टी" को लेकर भी टिप्पणी की और उसके फाउंडर पर तंज कसा। काटजू ने कहा कि केवल विरोध या मांगों से व्यवस्था नहीं बदलती, बल्कि व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण और एकता से ही वास्तविक बदलाव संभव है।

# दिल्ली में जल्द बरसेंगे बादल, मिलेगी राहत

यूनिक समय, नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून से मौसम का मिजाज बदल सकता है और कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 8 से 10 जून तक दिल्ली में तेज गर्मी का असर बना रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

11 और 12 जून को तेज आंधी के साथ अच्छी बारिश होने के आसार हैं। इससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा सकती है और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। 13 और 14 जून को भी आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग ने नागरिकों को बदलते मौसम के अनुसार सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### 11 जून से बदलेगा मौसम मिजाज

### बारिश से गिरेगा तापमान का स्तर

# हाईकोर्ट की सख्ती पर ईडी ने हटाई विज्ञप्ति

यूनिक समय, नई दिल्ली। फिटजी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने जांच एजेंसियों द्वारा जारी सार्वजनिक बयानों को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत की सख्ती के बाद ईडी को अपनी विवादित विज्ञप्ति वेबसाइट से हटानी पड़ी।

मामला अप्रैल 2025 में जारी उस विज्ञप्ति से जुड़ा था, जिसमें फिटजी और उसके अधिकारियों के खिलाफ जांच के दौरान लगाए गए आरोपों का उल्लेख किया गया था। फिटजी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा कि विज्ञप्ति में ऐसे आरोप शामिल किए गए, जिनसे संस्था की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति या संस्था को न्यायिक फैसला आने से पहले दोषी नहीं बता सकतीं। अदालत ने मीडिया से संवाद को लेकर जारी सरकारी दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया। इसके बाद ईडी ने बिना किसी शर्त के संबंधित विज्ञप्ति हटाने पर सहमति जताई। इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले का निस्तारण कर दिया।

### फिटजी की याचिका पर हुई सुनवाई

### अदालत ने जताई गंभीर आपत्ति

# पुलिस कांस्टेबल को पेट्रोल डाल कर जिंदा जलाने की कोशिश

यूनिक समय, नई दिल्ली। ओडिशा के ब्रह्मपुर में एक पुलिस कांस्टेबल को कथित रूप से पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गंभीर रूप से झुलसे कांस्टेबल ने अपनी पत्नी और साले पर हमला करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल कांस्टेबल आशुतोष मृदंगिया ने आरोप लगाया कि वह अपनी पत्नी के सरकारी आवास पर गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उनकी पत्नी तथा साले ने उन पर पेट्रोल डाल दिया। आशुतोष का कहना है कि साले ने माचिस जलाकर उन्हें आग के हवाले कर दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गए।

आग लगने के बाद आशुतोष जान बचाने के लिए बाहर भागे। आसपास के लोगों ने उन पर पानी डालकर आग बुझाई और अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है।



### पत्नी और साले पर कांस्टेबल को जलाने आरोप

### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वैज्ञानिक जांच दल भी मामले की जांच में जुटा है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# ईरान संकट के बीच भारतीयों को चेतावनी जारी

यूनिक समय, नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए नई चेतावनी जारी की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों से ईरान की यात्रा न करने और वहां मौजूद लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने अथवा देश छोड़ने की सलाह दी है।

### दूतावास ने यात्रा करने से किया मना

### मौजूद नागरिकों को लौटने की सलाह


दूतावास ने कहा है कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति लगातार बिगड़ रही है और हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने की जरूरत है। पिछले कुछ दिनों में ईरान और इस्राइल के बीच हमलों और जवाबी कार्रवाइयों में तेजी आई है। कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। वहीं, लाल सागर क्षेत्र में भी सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन हालात अभी भी नाजुक बने हुए हैं। भारत सरकार ने ईरान में मौजूद नागरिकों से दूतावास के संपर्क में रहने की अपील की है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर बैग से निकले 29 वन्यजीव

यूनिक समय, नई दिल्ली। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने एक भारतीय यात्री के पास से 29 विदेशी वन्यजीव बरामद किए हैं। यात्री बैंकॉक से मुंबई पहुंचा था। बैग की जांच के दौरान बड़ी संख्या में दुर्लभ जीव मिलने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

बरामद वन्यजीवों में गिब्बन, काली गिलहरी, अजगर, इगुआना और अन्य विदेशी प्रजातियां शामिल हैं। सभी जानवरों को बैग में छिपाकर भारत लाया जा रहा था। सूचना मिलने पर वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी टीमों को मौके पर बुलाया गया।

कस्टम विभाग ने आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि मामला अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी गिरोह से जुड़ा हो सकता है।



### बैंकॉक से लौटे यात्री से बरामद

### वन्यजीव तस्करी की जांच शुरू

जब्त किए गए वन्यजीवों की चिकित्सकीय जांच कराई जा रही है। नियमों के अनुसार इन्हें मूल देश वापस भेजने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### इंडिया गठबंधन की शक्ति प्रदर्शन बैठक

# विपक्षी एकजुटता पर जोर, केंद्र को घेरने की रणनीति तैयार

यूनिक समय, नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में सोमवार को इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में 22 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ साझा रणनीति तैयार करने पर चर्चा की। आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विपक्षी दलों ने एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की।

बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव तथा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)



प्रमुख उद्धव ठाकरे सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। विपक्षी दलों ने संसद से लेकर सड़क तक केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने पर विचार-विमर्श किया। हालांकि, इस बैठक से दो प्रमुख सहयोगी दलों ने दूरी बनाए रखी। तमिलनाडु की डीएमके और आम आदमी पार्टी ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। दोनों दलों ने कांग्रेस पर राजनीतिक विश्वासघात के आरोप लगाए हैं। इससे गठबंधन की आंतरिक चुनौतियां भी सामने आई हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, कुल 23 दलों ने बैठक में शामिल होने की सहमति दी थी, लेकिन कुछ दल विशेष कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। गठबंधन में शामिल प्रमुख दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, एनसीपी (शरद पवार), सीपीआई, सीपीएम, शिवसेना (उबाठा) समेत कई क्षेत्रीय दल शामिल हैं। उधर, बैठक से पहले दिल्ली में भाजपा की ओर से पोस्टर लगाए गए, जिनमें इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दिए गए पुराने बयानों का उल्लेख करते हुए विपक्षी एकता पर सवाल उठाए गए।

# ठाकुर द्वारकाधीश में हुए नौका बिहार के दर्शन



नौका विहार दर्शन के दौरान भगवान द्वारकाधीश।

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार को द्वारकाधीश मंदिर में श्रद्धालुओं को नौका विहार के दर्शन हुए तो मंदिर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भी भगवान की छवि को निहारते रहे।

मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी डा. वागीश कुमार कांकरोली नरेश तृतीय पीठाधीश्वर द्वारा किया गया है। इसी के तहत अधिक मास उत्सवों की श्रृंखला में आज ठाकुर जी 6:30 से 7:30 शयन के दर्शनों में नौका में विराजमान हुए और अपने भक्तों को दर्शन दिए। कल शयन के दर्शनों में कमल तलाई मनोरथ का आयोजन होगा। इसी क्रम में पूरे एक माह तक विशेष मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। जो भी भक्त अपने आराध्य के लिए कोई मनोरथ कराना चाहते हैं, वे करा सकते हैं।

## आराध्य पुष्पार्चना महोत्सव में हुए श्रीहरिदासबिहारी के संयुक्त दर्शन

**यूनिक समय, वृन्दावन।** श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन भारत ट्रस्ट के तत्वावधान में प्राचीन श्रीहरिदासपीठ मंदिर में चल रहे श्रीपुरुषोत्तममास में प्रभु –भक्त सेवासत्र के बाइसवें दिन संध्याकाल में आराध्य पुष्पार्चना महोत्सव का आयोजन हुआ। भक्तजनों को पहली बार श्रीहरिदासबिहारीजी के संयुक्त दर्शन का अदभुत आनंद प्राप्त हुआ, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में ट्रस्ट संस्थापक आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी, विजयलक्ष्मी गोस्वामी, प्रवर्तिका गोस्वामी, रविंद्र तंवर, विप्रांशबल्लभ और कान्हासिंह सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

## वृंदावन यातायात सुधार को प्रशासन सख्त, बना ठोस रोडमैप

**यूनिक समय, वृंदावन।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी वृंदावन में बढ़ती श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या से उत्पन्न यातायात समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। पर्यटक थाना परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में दूसरी समन्वय बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर निगम, यातायात पुलिस, आरटीओ, राजस्व विभाग और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में जाम, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण, ई–रिक्शा संचालन तथा प्रमुख मंदिर मार्गों पर बढ़ते यातायात दबाव पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने पूर्व में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने और निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए।

सीओ सदर प्रीतम पाल सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है, जबकि अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक ने यातायात सुधार अभियान में नगर निगम के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में वृंदावन सिविल सोसाइटी, उद्योग व्यापार मंडल और बृजवासी तीर्थ पुरोहित हित पंडा सभा के प्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिए।

इस दौरान श्याम सुंदर गौतम, अभय वशिष्ठ, पवन ठाकुर, जितेंद्र सिंह राणा, धनेंद्र अग्रवाल बॉबी, सोहन सिंह सिसोदिया, अमित शर्मा, रासबिहारी अग्रवाल, विवेक गौतम और रवि यादव मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने राधारानी के चरणों में किया पूजन



बरसाना में राधारानी के दर्शन के बाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली को प्रसाद भेंट करते मंदिर के सेवायत।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने सोमवार को दो दिवसीय ब्रज यात्रा के दौरान विश्व प्रसिद्ध राधारानी मंदिर बरसाना में पत्नी के साथ दर्शन–पूजन किया। उन्होंने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर प्रदेश और देश की सुख–समृद्धि की कामना की।

राजभोग आरती के समय मंदिर पहुंचे मुख्य न्यायाधीश का मंदिर प्रशासन और अधिकारियों ने स्वागत किया। सेवायत पुजारी मधुमंगल गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा कराई। इस दौरान न्यायमूर्ति भंसाली और उनक पत्नी ने पुष्पमाला और भोग अर्पित किया। उन्होंने गर्भगृह की देहरी का पूजन कर इत्र सेवा भी की।

दर्शन उपरांत मंदिर के रिसीवरों और सेवायतों ने उन्हें प्रसादी थाल, स्मृति चिह्न, राधारानी की चुनरी और बुके भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर के धार्मिक महत्व और पौराणिक परंपराओं की जानकारी भी उन्हें दी गई। इस अवसर पर न्यायिक- प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## एसएसपी का एक्शन, दरोगा और सिपाही निलंबित

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी श्लोक कुमार ने सोमवार को कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और पुलिस की छवि को स्वच्छ रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। थाना कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रोहित कुमार और आरक्षी महेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिसकर्मियों पर अवैध खनन को संरक्षण देने और वरिष्ठ अधिकारियों के मूवमेंट की सूचना खनन माफिया तक पहुंचाने का आरोप है। मामले में प्रारंभिक जांच में दोनों को दोषी मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक में पदाधिकारियों की नई नियुक्तियां



व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर के चुनाव के बाद एकजुट पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर की बैठक सेठवाड़ा स्थित प्रांतीय उपाध्यक्ष कंचन लाल सराफ के आवास पर आयोजित की गई। अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही नई नियुक्तियों- दायित्वों की घोषणा की गई।

महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने सुभाष चतुर्वेदी को मार्गदर्शन मंडल का सदस्य और देरसी रोड व्यवसायी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। महेश चंद्र अग्रवाल को महानगर का वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष अग्रवाल को सह महामंत्री और नरेश शर्मा 'बब्बू' को महानगर का वरिष्ठ मंत्री बनाया गया। साथ ही चौक बाजार व्यवसायी समिति के लिए तुलसी गर्ग को अध्यक्ष, यश अग्रवाल को महामंत्री,जितेंद्र अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष गुलबीर चौधरी, राजेश गोयल, सचिन अरोड़ा, देवेंद्र मित्तल, ताराचंद्र अग्रवाल, अखिलेश मिश्रा 'पिंटू' सहित बड़ी संख्या में व्यापारी-पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने किए प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन



ठाकुर बांकेबिहारी से आशीर्वाद लेते पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा।

**यूनिक समय, मथुरा।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री- पूर्व कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा सोमवार को परिवार के साथ ब्रजधाम पहुंचे। ब्रज यात्रा के दौरान उन्होंने मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन और गोकुल के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन–पूजन कर देश, प्रदेश और किसानों की सुख–समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। ब्रज प्रवास के दौरान विजय कुमार सिन्हा ने मथुरा स्थित यमुना महारानी के पावन विश्राम घाट पर दुग्धाभिषेक,विधिवत पूजा–अर्चना कर श्री द्वारकाधीश मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जतीपुरा स्थित मुखारविंद पर गिरिराज महाराज की पूजा–अर्चना की, मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र से चंद्रोदय गोशाला में आशीर्वाद लिया।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया इस मौके पर विपुल पाठक, पंकज चतुर्वेदी,महानगर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, अंशुमान चतुर्वेदी, श्रीकृष्ण चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक- पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जन्मभूमि पर नन्दोत्सव का आयोजन मंगलवार को

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्णजन्मभूमि में पुरुषोत्तम मास में श्रीकृष्ण–जन्मस्थान सेवा–संस्थान द्वारा नन्दोत्सव मंगलवार को सुबह 10 बजे से विभिन्न भजन गायन कार्यक्रमों, पुष्प बंगला सजाकर मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवासंस्थान के पदाधिकारी ने बताया कि इसकी तैयारिया पूरी करली गई है। नन्दोत्सव के अवसर पर भागवत भवन में विराजमान युगल सरकार श्रीराधाकृष्ण मंदिर से कान्हा के जन्म की खुशी पर श्रद्धालुओं में वृहद मात्रा में खिलौने, वस्त्र, बर्तन, मिष्ठान आदि सामग्री वितरित- लुटाई जायेगी।

## अधिक मास में भंडारा लगा कर श्रद्धालुओं की सेवा

**यूनिक समय, मथुरा।** ईस्ट प्रताप नगर सोसाइटी, महोली रोड के बैनर तले अधिक मास पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए भंडारा लगाया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पुआ पूड़ी–सब्जी का प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम में राजकुमार तोमर, राजेश गोयल, सुभाष अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, शिवकुमार तोमर, रामनरेश शर्मा, भोला , कपिल गोयल , रश्मि कुलश्रेष्ठ, चंद्रप्रकाश तिवारी , योगेश गोयल, विक्की छोंकर, कुंजबिहारी गौतम, मोहित वार्ष्णेय, , नन्दकिशोर गर्ग, राजेंद्र गर्ग, आरपी अग्रवाल,, निरंजन प्रसाद अग्रवाल, उमेश गौतम, संजय अग्रवाल, बबलू गौतम, महेश वार्ष्णेय, विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, जगदीश सिंह और राजकुमार शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने में जुटा रालोद

### 17 को मथुरा में होगा आयोजन, जयंत करेंगे शिरकत



**यूनिक समय, गोवर्धन ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में 17 जून को आयोजित होने वाले महासम्मेलन की तैयारियों को तेज कर दिया है। सोमवार को सौंख रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को रणनीति बनाई गई। महासम्मेलन में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष- केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी शामिल होंगे।

बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, जनसंपर्क अभियान और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने सम्मेलन की सफलता तय करने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जयंत चौधरी के आगमन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है और यह सम्मेलन संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

रालोद ने सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी तय करने पर जोर दिया है। विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं, किसानों और श्रमिकों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे, ताकि सम्मेलन में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्रज साहित्य परिषद् न्यास की नवीन कार्यकारिणी हुई गठित

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज साहित्य परिषद न्यास संस्थान की नवीन कार्यकारिणी का गठन सभी सदस्यों की सामूहिक सहमति द्वारा किया गया। आम सभा की बैठक का आयोजन चन्द्रसरोवर परासौली स्थित सूर श्याम गौशाला के प्रांगण किया गया। जिसमें मलूकपीठाधीश्वर राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में स्वर कोकिल राधागोविन्द पाठक, उपाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार देवी प्रसाद गौड, वरिष्ठ कवि हरिबाबू ओम को महामंत्री, कवि किंकर गोपाल प्रसाद गोप को उपमंत्री, देवेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष, आयव्यय निरीक्षक नारायण सिंह,प्रचार प्रसार मन्त्री धीरज कौशिक को मनोनीत किया गया। अनिल शर्मा अनल,रेनु उपाध्याय नेत्रपाल राघव बिनीत गौतम दिवाकर शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।